CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम: 23°C

देहरादून, गुरुवार 14 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 7 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र: श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी पेज 2



भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी खेल टाइम्स



हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक सम्पादकीय



दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ पेज 2

# पुणे कोर्ट में वकील बोले राहुल की जान को खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत बोलीं- वकील ने राहुल की सहमति के बिना बयान दिया, आज वापस लेंगे



**नई दिल्ली/पुणे।** राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने बुधवार को पुणे कोर्ट में कहा कि राहुल की जान को खतरा है। सावरकर मानहानि केस की सुनवाई के दौरान राहुल के वकील मिलिंद पवार ने कोर्ट में लिखित सूचना देकर कहा कि वोट चोरी का मामला उजागर करने के बाद राहुल गांधी को खतरा बढ़ गया है।

यह बयान मीडिया में आने के बाद कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी के वकील ने बिना उनसे बात किए या उनकी सहमति लिए कोर्ट में लिखित बयान दाखिल करके उनकी जान पर खतरे का हवाला दिया था। इस बात से राहुल की घोर असहमति है। इसलिए कल (गुरुवार) उनके वकील इस बयान को कोर्ट से वापस लेंगे। राहुल के वकील ने एमपी/ एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की थी कि राहुल के खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए राहुल को प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मामले की अगली सुनवाई 10 सितम्बर को होगी। मिलिंद ने यह भी बताया कि बीजेपी नेता आरएन बिट्टू ने राहुल को आतंकवादी कहा था।

## सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी में आरोपों के बीच भाजपा की आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने बुधवार को दावा किया कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। वहीं, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रायबरेली में एक ही घर पर 47 वोटर्स कैसे रजिस्टर किए गए हैं, राहुल और सोनिया को कभी ये नाम नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि राहुल दो बार चुनाव लड़े, प्रियंका एक बार चुनाव लड़ीं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वायनाड में कैसे नए वोटर्स की एडिशन हुई है। आपने तो तीन बार वोट ले लिया।

## विपक्ष भी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## उरी सेक्टर में मुठभेड़, बिहार का जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार तड़के नियंत्रण रेखा के पास हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उरी सेक्टर के चुरंडा इलाके में तड़के लगभग 3:30 बजे भीषण लेकिन संक्षिप्त गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। शहीद जवान की पहचान बिहार के भागलपुर निवासी हवलदार अंकित कुमार के रूप में हुई है।

## यूपी के फर्रुखाबाद में नाव से पहुंची बारात

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश-बिहार में जमकर बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। मुरादाबाद में बाढ़ में मंगलवार को बहे पुलिस सिपाही मोनू रामगंगा का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ। फर्रुखाबाद के 50 से ज्यादा गांवों में बाढ़ है। यहां के पंखियन की मड़ैया गांव में मुस्लिम परिवार में बेटी की शादी थी। ऐसे में दूल्हा करीब 50 लोगों के साथ नाव से गांव पहुंचा। तब जाकर निकाह हुआ।

# एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की याचिका स्वीकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है।

यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि एससी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को, फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी में भी 'क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी। केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों (एससी/एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त 2024 को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटते हुए कहा था कि राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी।

**याचिकाकर्ता ने कहा: आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा**




## आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे: CJI

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी।

# पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। पहलवान सुशील कुमार मामले में शिकायतकर्ता की वकील जोशीनी तुली ने कहा कि बुधवार को सुशील कुमार को दी गई जमानत एक त्रुटिपूर्ण आदेश होने के कारण रद्द कर दी गई। इसीलिए पीड़ित के पिता अशोक धनखड़ की अपील पर हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया गया है। हमने उस आदेश को इस आधार पर चुनौती दी थी कि वह एक त्रुटिपूर्ण आदेश था। यह कानूनन सही नहीं था, क्योंकि सुशील कुमार ने जब भी अंतरिम जमानत ली थी, तब गवाहों से छेड़छाड़ की थी। मुख्य गवाह ने मामले का समर्थन किया था। घटना का वीडियो फुटेज भी मौजूद था, इसलिए यह अपील स्वीकार कर ली गई। सुशील कुमार जब भी अंतरिम जमानत पर बाहर आए, उन्होंने घायल गवाहों सहित सभी सरकारी गवाहों से छेड़छाड़ की।

## रूडी ने कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव में संजीव बालियान को हराया

**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने जीत हासिल कर इस पद पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। श्री रूडी ने अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान को चुनाव में मात दी। बुधवार सुबह घोषित हुए चुनाव परिणाम में उन्होंने श्री बालियान को 100 से अधिक वोटों से हराया। श्री रूडी को 392 वोट मिले हैं, जबकि श्री बालियान को 290 वोट हासिल हुए हैं। बिहार की सारण लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी पिछले 25 साल से सचिव पद पर हैं। इस बार श्री बालियान ने उन्हें चुनौती दी थी। श्री रूडी ने पहली बार 1999 में सचिव पद का चुनाव जीता था। श्री रूडी ने कहा कि मैं 100 से ज्यादा वोटों से जीता हूं।






## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान शुरू होगा

**नई दिल्ली।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग पेंशनभोगियों की पेंशन जारी रखने के लिए नवंबर में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान संचालित करेगा, जिसके तहत 1850 से अधिक जिलों, शहरों और कस्बों में शिविर लगाए जाएंगे। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास ने इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बुधवार को बताया कि इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अपने 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से 1600 जिला तथा उप-मंडल डाकघरों में शिविर आयोजित करेगा। यह बैंक घर-घर जीवन प्रमाण पत्र देने की सेवायें भी प्रदान करता है।

### सात परियोजनाओं का आकलन

**नई दिल्ली।** बड़ी अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए विभागों के बीच पूर्ण तालमेल के साथ काम करने के लिए विकसित प्रधानमंत्री गतिशक्ति के सिद्धांत के तहत अधिकारियों के समूह ने बिहार, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र और तमिलनाडु से जुड़ी तीन रेल-मार्ग परियोजनाओं सहित बुनियादी क्षेत्र की सात परियोजनाओं का आकलन किया है। इनमें सड़क, लॉजिस्टिक्स और वस्त्र क्षेत्र की भी परियोजनाएं शामिल है।

### हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**लखनऊ।** सीएम योगी ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान 13-15 अगस्त का शुभारंभ किया। इस मौके पर राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों के बीच मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए अपने आवास से यात्रा को रवाना किया।

### सिंधु जल संधि मुद्दे को लेकर भड़के पाक पीएम, 48 घंटे में तीन पाक नेताओं ने दी धमकी

# दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद, वार्ता**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की, तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।

शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रो. कने की कोशिश करता है, तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के



■ ऐसा सबक सिखाएंगे जिंदगीभर याद रहेगा

अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शहबाज शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं। सोमवार को दिए एक बयान में बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा, तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। भुट्टो ने सिंध प्रांत की सरकार के एक कार्यक्रम में कहा था कि मोदी सरकार के कदमों ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमें एकजुट होकर इन आक्रामक नीतियों का जवाब देना होगा। भुट्टो ने दावा किया था कि पाकिस्तान के लोग 6 नदियों को वापस लेने के लिए जंग करने में सक्षम हैं।

### पाक पीएम को ओवैसी का जवाब हमारे पास है ब्रह्मोस, बकवास न करें



**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कथित बयान श्कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकताश पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ब्रह्मोस है हमारे पास उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं क्रिकेट मैच देखने नहीं जा रहा हूं। मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता। हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं? आप पानी देना बंद कर चुके हैं। पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या? आपने बार्डर बंद कर दिए। आपने व्यापार बंद कर दिए। कितना नुकसान होगा, 300 करोड़-400 करोड़? मेरा जमीर गवारा नहीं करता। भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति को यह तय करना होगा कि वह उस देश के साथ व्यापार करेंगे, जहां आतंकवाद एक व्यापार है, या भारत के साथ।

# राजस्थान में यूपी के 11 श्रद्धालुओं की मौत

**दौसा/एटा।** एटा के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव असरौली पर गम का पहाड़ टूट पड़ा। राजस्थान के दौसा में बुधवार को हुए सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। इनमें 9 असरौली और दो फिरोजाबाद निवासी रिश्तेदारों की हादसे में जान चली गई। गांव से दो पिकअप वाहनों में 42 लोग खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे।

दर्शन करने के बाद सभी लौट रहे थे। रास्ते में लौटते समय यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही गांव में चीत्कार मच गया। सूचना मिलने के बाद डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एएसपी राज. कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सहित तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिक. ारी गांव में पहुंच गए। डीएम ने बताया कि मृतकों, घायलों की सूची तैयार की गई है। दौसा जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बेहद व्यस्त रोड है इसलिए आम तौर पर यहां गाड़ियां ओवरटेक नहीं कर पाती, लेकिन संभवतरू रात में नींद की झपकी आने की वजह से यह हादसा हो गया।

### पीएम ने की राहत राशि देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में एक हादसे में हुए जान माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परि. जनों को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद से छह विधेयक पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विधान परिषद से कुल छह विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए। यह विधेयक विधानसभा से पहले ही पारित हो चुके हैं।

परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह की तरफ से आज कार्यवाही के दौरान कुल छह विधेयक पेश किए गए। जिसे उपस्थित सदस्यों ने सहमति से पास कर दिया है। इन विधेयकों में उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्व. विद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्व. विद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश मोटर यान कराधान (संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 और उत्तर प्रदेश लोक अभिलेख विधेयक, 2025 शामिल है।

### देश में विकसित होगा उत्तर प्रदेश: खन्ना

**लखनऊ।** संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उम्मीद जाहिर की कि आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक उत्तर प्रदेश देश का सबसे विकसित राज्य के तौर पर उभरेगा। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन डॉक्यूमेंट पर 24 घण्टे की चर्चा में भाग लेते हुए खन्ना ने कहा कि जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाई जाए तो देश में सबसे विकसित राज्य के रूप में यूपी हो, इसके लिए हम काम करेंगे।

### विकसित भारत, विकसित यूपी पर सदन में 24 घंटे की चर्चा शुरू

# श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को श्री बांके बिहारी मंदिर निर्माण अध्यादेश को मंजूरी प्रदान कर दी गई।

सदन में आज सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है- सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है। अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में



■ श्री बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा

स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी ५ । ी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा।

### विजन नहीं, रीजन डाक्यूमेंट पर चर्चा करे सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में योगी सरकार के विजन डाक्यूमेंट पर जारी चर्चा के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को विजन नहीं रीजन डॉक्यूमेंट को निकालकर बताना चाहिए कि उन्होंने किस वजह से अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इन्होंने नौ साल में भ्रष्टाचार लूट, बेईमानी की। सरकार कानून व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हर मामले में असफल हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गए है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नफरत और भेदभाव की राजनीति से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा की नकारात्मक कार्यप्रणाली को जनता समझ गई है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपाई गरीबों की और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। जनता की गाड़ी कमाई से आया बजट का बंदरबांट कर लिया। पूरे प्रदेश का माहौल भाजपा के खिलाफ है। जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार हैं, भाजपा सरकार जनता का सामना करने से डरी हुई है।



सेंसेक्स 80539.91
निफ्टी 24619.35



सोना रु. 100057
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114850
प्रति किलो



# बैंकिंग, ऑटो सेक्टरों में लिवाली से 304 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** ट्रम्प-पुतिन वार्ता में युक्रेन संघर्ष पर विराम की संभावनाओं के बीच विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही। प्रमुख सूचकांकों में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक (0. 38 प्रतिशत) की तेजी में 80,539.91 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी-50 भी मंगलवार की तुलना में 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,619.35 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच अमेरिका के अलास्का में 15 अगस्त को बैठक होनी है। इस बैठक में युक्रेन-रूस संघर्ष पर विराम पर सहमति बनने की संभावना से दुनिया भर के शेयर बाजारों में तेजी



देखी जा रही है। सेंसेक्स 256.58 अंक की मजबूती के साथ 80,492. 17 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में बना रहा। इसका दिवस के निचला स्तर 80,319 अंक और उच्चतम स्तर 80,683.74 अंक रहा। इसी तरह निफ्टी-50 भी 98.80 अंक चढ़कर 24,586.20 अंक पर खुला। यह नीचे 24,535.25 अंक और ऊपर 24,664.55 अंक तक गया। ऑटो, फार्मा और धातु सेक्टरों में ज्यादा लिवाली हुई। स्वास्थ्य सेवाओं, निजी बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचक. ांक भी रहे निशान में रहे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एफएमसीजी के सूचकांकों में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इटरनल में 2.08 फीसदी की तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1. 56 फीसदी, टाटा मोटर्स का 1.48 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 42 प्रतिशत चढ़ा। पावर ग्रिड, भारती एयरटेल और सनफार्मा में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 0.78 प्रतिशत गिर गया। आईटीसी में 0.58 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.46 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई।

### सोना फिर एक लाख रुपए के पार, चांदी भी तेज

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने का भाव एक लाख रुपये के पार हो गया है। चांदी के दाम में भी तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 387 रुपए बढ़कर 1,00,057 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,670 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,537 रुपए बढ़कर होकर 1,14,850 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,313 रुपए पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# पांच-छह साल में 30-35 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा मोबाइल फोन उद्योग

**नई दिल्ली, वार्ता**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय के निदेशक निर्मोद कुमार ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 साल में देश के मोबाइल फोन उद्योग का आकार 27 गुना हो गया है और आने वाले पांच-छह साल में यह औसतन 30 से 35 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ेगा। कुमार ने यहां दूरसंचार क्षेत्र की विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस इंफाकॉम के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पिछले एक दशक में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की औसत विकास दर 20 प्रतिशत सालाना रही है। इस दौरान मोबाइल फोन उद्योग में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई और इसका आकार 27 गुना हो गया। वहीं मोबाइल निर्यात 120 गुना बढ़ा जो यह दिखाता है कि इस क्षेत्र में किस गति से प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच-छह साल में मोबाइल उद्योग में 30 से 35 प्रतिशत औसत वार्षिक विकास दर की रफ्तार से बढ़ने की संभावना है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अध्यक्ष पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि अब तक भारतीय कंपनियों ने अमेरिकी बाजार को ध्यान में रखकर सारी योजनाएं बनाई, अब इसमें बदलाव लाने और नए सिरे से सोचने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान ऑप्टिमस ने देश का पहला एंटी-माइक्रोबियल बीआईएस स्टैंडर्ड 'राइनोटेक' टेंपर्ड ग्लास पेश किया जिसे सितंबर में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में बाजार में उतारा जाएगा। यह शुरूआत में सिर्फ प्रीमियम स्मार्टफोन मॉडल के लिए उपलब्ध होगा।

# किसी को भी स्वास्थ्य से वंचित नहीं होने देगी सरकार: मंत्री मयंकेश्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा सदन में उठाया।

सपा के सदस्य मुकुल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार के 8 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे नीचे है। मुकुल यादव ने कहा कि लोहिया संस्थान लखनऊ और केजीएमयू लखनऊ जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में गम्भीर मरीजो का इलाज नहीं हो पा रहा है। इन संस्थानों से गम्भीर मरीजो को निजी अस्पतालों मे दलालों के माध्यम से इलाज हेतु भेज दिया जाता है। आज जिला चिकित्सालय भ्रष्टाचार के केन्द्र बन गए है। जिला चिकित्सालयों मे उच्चीकरण / सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरणों / साज सज्जा खरीद में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। सपा के सदस्य बलराम यादव ने कहा कि अमर शहीद राजा जयपाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव द्वारा वर्ष 2023-24 में उक्त चिकित्सालय के उच्चीकृत हेतु जेम निविदा द्वारा मनमाने तरीके से एक करोड़ 76 लाख की खरीदारी की गई है। जिसकी शिकायत शासन में हुई। इसके तहत तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा त्रि-सदस्यीय समिति (मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, आजमगढ़) गठित की गई जिसमें समिति द्वारा डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव दोषी पाए गए। 2 फरवरी, 2024 को जांच आख्या शासन को प्रेषित की गई, तत्पश्चात निदेशक, प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा दिनांक 29 जून 2024 को डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव को आरोप प्रत्र दिया गया, परन्तु एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के उपरान्त भी उनके विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के जवाब में उत्तर प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि एसजीपीजीआई, केजीएमयू में वेंटिलेटर पर्याप्त मात्रा में हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# सोनप्रयाग में पुलिस व तीर्थयात्रियों में हुई झड़प

## जबरदस्ती केदारनाथ जाने के लिए यात्रियों ने तोड़ा पुलिस बैरियर, मौसम के कारण 3 दिन के लिए बंद है यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पहाड़ों में मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है और सुरक्षा को देखते हुए बृहस्पतिवार आज तक केदारनाथ धाम की यात्रा को बंद किया गया है। जानकारी के अभाव में भक्त भारी संख्या में सोनप्रयाग पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां उन्हें केदारनाथ जाने से रोका जा रहा है। बुधवार को सोनप्रयाग में भारी संख्या में यात्री पहुंचें और गौरीकुंड जाने की जिद्द पर अड़े रहे। इस दौरान यात्रियों ने सोनप्रयाग में लगाए गये बैरियर को तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने यात्रियों को रोकने के लिए लाठियां फटकार कर यात्रियों को तीतर-बितर किया।



बता दें कि मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी के बाद 14 अगस्त तक केदारनाथ धाम की यात्रा बंद है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यात्रियों को सोनप्रयाग से आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। जानकारी के अभाव में भारी संख्या में तीर्थ यात्री सोनप्रयाग पहुंच गए, लेकिन पुलिस ने यात्रियों को सोनप्रयाग से आगे नहीं जाने दिया। आक्रोशित यात्रियों ने सोनप्रयाग में लगाए गए बैरियर को तोड़ दिया और आगे बढ़ने लगे। यात्रियों को केदारनाथ धाम जाने से रोकने के लिए पुलिस ने यात्रियों पर लाठी फटकार दी।

इसके बाद तीर्थ यात्री जान बचाते हुए सोनप्रयाग में इधर-उधर भागते नजर आए। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुजाता पॉल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा मार्गो पर कोई व्यवस्थाएं नहीं की हैं। हरिद्वार, ऋषिकेश में यात्रियों को नहीं रोका जा रहा है। जब यात्री सोनप्रयाग पहुंच रहे हैं तो उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है।

### नहीं हुई ऐसी कोई घटनाः पुलिस अधीक्षक

मामले में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने बताया कि प्रशासन के स्तर से तीन दिनों के लिए यात्रा बन्द की गयी है। केदारघाटी में हो रही अत्यधिक बारिश व कोहरे के कारण सम्पूर्ण मार्ग में काफी दिक्कतें आ रही हैं। पुलिस के स्तर से केदारनाथ धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जगह-जगह रोका जा रहा है, फिर भी कतिपय यात्री स्थानीय परिवहन के साधनों बस, स्थानीय स्तर पर चलने वाली मैक्स इत्यादि में बैठकर चोरी छिपे सोनप्रयाग तक पहुंच रहे हैं। बुधवार सुबह भी करीबन 100-150 यात्री इस प्रकार से सोनप्रयाग पहुंच गये थे और इनके द्वारा सोनप्रयाग में पुलिस के साथ नोंक-झोक कर आगे जाने का प्रयास किया गया। पुलिस के स्तर से इनको रोकते हुए आने नहीं जाने दिया गया है। इस मामले में किसी के साथ कोई घटना नहीं हुई है। यात्रा पूरी तरीके से बन्द की गयी है तथा मौसम खुलने पर केदारनाथ पहुंचे यात्रियों को सुरक्षित वापस लौटाया जायेगा।

# श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज भाजपा सरकार की असंवेदनशीलताः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सोनप्रयाग, केदारनाथ यात्रा मार्ग के जो दृश्य सामने आए हैं, वह "अतिथि देवो भव" की भारतीय संस्कृति पर एक काला धब्बा है। यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का। गरिमा ने कहा कि उत्तराखंड सरकार और प्रशासन की कुप्रबंधन व असंवेदनशीलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार के लिए श्रद्धालुओं की भावनाओं का कोई महत्व नहीं है।

दसौनी ने कहा कि जब रेड अलर्ट था, जब यात्रा रोकनी थी, तो क्या यात्रियों को लाठी से पीटना ही एकमात्र विकल्प था? क्या लाउडस्पीकर से समय रहते सूचित नहीं किया जा सकता था? क्या हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने वाली यही सरकार श्रद्धालुओं के पांव पखारने के बजाय उन पर लाठियां बरसाएगी?

दसौनी ने कहा कि ये श्रद्धालु कोई उपद्रवी नहीं, बल्कि भगवान शिव के भक्त थे। फिर भाजपा सरकार को उनसे क्या समस्या हो गई कि उन्हें चोटिल कर दिया गया? क्या यह गुस्सा अपनी नाकामी छुपाने के लिए है?

गरिमा ने बहुत तल्खः टिप्पणी करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा सिर्फ धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि उत्तराखंड की पहचान और अर्थव्यवस्था का आधार है। अगर आपकी व्यवस्थाओं में कमी है, तो उसका खामियाजा श्रद्धालुओं को क्यों भुगतना पड़े? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि "देवभूमि" कहे जाने वाले राज्य में भक्तों के साथ ऐसा व्यवहार किया गया। भाजपा सरकार को याद रखना चाहिए कि आस्था पर लाठी नहीं चलाई जाती।

## बंद घर से चोरों ने नकदी व ज्वैलरी पर किया हाथ साफ

**सेलाकुई।** थाना क्षेत्र सेलाकुई के भाऊवाला में एक बंद घर में चोरों ने नगदी और ज्वेलरी चोरी कर ली। जिस घर में चोरी हुई वह एक निजी दूरसंचार कंपनी के राज्य प्रमुख हैं। पुलिस ने मुक.दमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि भाऊवाला के रामपुर अनसूया मार्ग निवासी शशांक गुरुंग ने तहरीर दी है। बताया कि वह सात अगस्त को कार्यालय के काम से रुड़की गए थे। रविवार को जब वापस घर पहुंचे तो भीतर सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घर से चोर आभूषण, नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा की फुटेज की जांच की जा रही है।

# देश के विभाजन का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकताः धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' की पूर्व संध्या पर देश के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों को नमन करते हुए, कहा कि देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन की विभीषिका को इतिहास का काला अध्याय तथा दुनिया का सबसे बडा विभाजन बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाकर विभाजन के साथ विस्थापन का दर्द झेला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश जब आजादी का जश्न मना रहा था वहीं देश के विभाजन का भी दर्द हमें सहना पड़ा। भारत के लिए यह घटना किसी विभीषिका से कम नहीं थी। वर्ष 2021 में इसी दर्द को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' मनाने का निर्णय लिया। तब से यह दिन मनाया जा रहा है, ताकि हम अपने उन लाखों सेनानियों व परिवारजनों से बिछड़े लोगों के बलिदान को याद कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन उन सभी सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने भारत माँ के लिए बलिदान दिया। भारत के बंटवारे ने सामाजिक एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाओं को तार-तार कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम देश को स्वतंत्र कराने वाले और देश के विभाजन की यातनाएं झेलने वाले मां भारती के प्रत्येक सपूत के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करें। यह दिवस हमारी भावी पीढ़ी को इतिहास की उस विभीषिका से परिचित कराता रहेगा।

# पीएमजीएसवाई की सड़कों को प्राथमिकता पर खोलेंः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बरसात से बाधित सड़कों को प्राथमिकता के साथ खोलने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं।



बुधवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में यूआरआरडीए की समीक्षा बैठक में मंत्री गणेश जोशी ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बरसात से हुई क्षति और बंद सड़कों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में मंत्री जोशी ने कहा कि बरसात के कारण बंद हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर खोला जाए। उन्होंने बरसात से क्षतिग्रस्त हुए सड़क मार्गों एवं पुलों के पुनर्निर्माण के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। विभागीय मंत्री जोशी ने निर्देश दिए कि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा ग्रामीणों को मौसम खुलते ही शिविर लगाकर शीघ्रता से वित.रित किया जाए और मलबा निस्तारण के लिए उचित स्थानों पर डंपिंग यार्ड की व्यवस्था की जाए, ताकि सड़कों की बहाली के साथ पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहे।

बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि भारी वर्षा के कारण गढ़वाल क्षेत्र में 106 सड़कें बंद हुई हैं, जिन पर 92 जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं, जबकि कुमाऊं क्षेत्र में बंद 30 सड़कों को खोलने के लिए 32 जेसीबी कार्यरत हैं। पूरे प्रदेश में इस समय कुल 136 सड़कें बंद हैं, जिन्हें युद्धस्तर पर खोलने का कार्य जारी है।

बैठक के दौरान मंत्री जोशी ने कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पीएमजीएसवाई की सड़कों, पुलों और अप्रोच रोड से जुड़े निर्माण कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता गढ़वाल मनीष मित्तल, अधिक्षण अभियंता अरुण कुमार, अधिशासी अभियंता रघुवीर सिंह गुसाई सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 26 जनवरी 2026 तक यूसीसी में विवाह पंजीकरण होगा निःशुल्क

## समान नागरिक संहिता के तहत विवाह पंजीकरण शुल्क छूट की समय सीमा बढ़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के हित में समान नागरिक संहिता नियमावली के तहत विवाह पंजीकरण शुल्क रू0 250 की छूट की समय सीमा को 26 जनवरी 2026 तक बढ़ाया गया है, विवाह पंजीकरण हेतु नागरिकों की सहभागिता को और अधिक प्रोत्साहित किए जाने के लिए शासन द्वारा जनहित में यह निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि समान नागरिक संहिता नियमावली के अंतर्गत ऐसे व्यक्ति जिनका विवाह इस संहिता के लागू होने से पूर्व पंजीकृत या तलाक की डिक्री घोषित हुई हो या विवाह निरस्त हुआ हो, अथवा ऐसे नागरिक जिनका विवाह इस संहिता के लागू होने से पूर्व हुआ हो किन्तु जिनका विवाह पंजीकरण नहीं हुआ हो, ऐसे मामलों में विवाह पंजीकरण हेतु अधिसूचना दिनांक 06 जून 2025 द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क रू0 250 की दी गई छूट की समय-सीमा को विवाह पंजीकरण हेतु नागरिकों की सहभागिता को और अधिक प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से, दिनांक 26 जनवरी, 2026 तक के लिए बढ़ाया जाता है। नागरिकों द्वारा सी०एस०सी० केन्द्रों से सेवा लिये जाने पर रू0 50 (जीएसटी सहित) शुल्क पूर्ववत् लागू रहेगा।



# सासंद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने देहरादून स्थित आवास पर फहराया तिरंगा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सपरिवार अपने आवास पर तिरंगा फहराया।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए श्हर घर तिरंगाश अभियान की शुरुआत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत की गई थी, ताकि लोग राष्ट्रीय ध्वज को अपने घर लाकर स्वतंत्रता दिवस पर फहराएं। इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

यह अभियान आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है।यह दर्शाता है कि 140 करोड़ देशवासी उस स्वतंत्र भारत को विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिसका सपना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से देखा था। डा. बंसल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले असंख्य वीरों को याद करने का अभियान है। विकसित भारत 2047 के संकल्प को दृढ़ता से पूरा करने का अभियान है।

# भटवाड़ी की कुज्जन गांव का मोटर मार्ग जुलाई माह से बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाडी /उत्तरकाशी।** उत्तरक.ाशी जिले में इस बार ग्रामीण महिनों से आपदा की मार झेलने को मजबुर। विकास खण्ड भटवाड़ी के कुज्जन गांव की सड़क जुलाई माह से बंद पड़ी है। सड़क मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को मुख्य के लिए पहाड़ी रास्तों से मिलों पैदल चलना पड़ रहा।

कुज्जन गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत जगमोहन सिंह पंवार ने बताया कि सड़क होने से ग्रामीणों को आजी.विका और मुख्यालय पहुंच ने में मिलों पैदल चलना पड़ रहा है। ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और अगर किसी का स्वास्थ्य खराब होता है तो मरीजों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो गया है । उन्होंने बताया कि पहले यह सड़क लोनिवि के पास थी और इस प्रकार कि समस्या नहीं आती थी पर जब से सड़क पीएमजेएसवाई ( प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) के पास गई है तबसे आए दिन ऐसी परेशानी होती आ रही है। उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा जल्द चालू नहीं हुई तो मजबूरन ग्रामीणों को अन्य कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



# जिपं और ब्लॉक प्रमुख पदों पर एक तरफा जीत हासिल करेगी भाजपाः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख चुनावों में एकतरफा जीत का दावा किया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि सभी निर्वाचित सदस्यों को विकास का मत मिला है, लिहाजा उनका वोट ट्रिपल इंजन सरकार के लिए ही होगा। ऐसे में कल (आज) के मतदान के बाद अब पंचायतों से कांग्रेस का सुपड़ा साफ होना निश्चित है।



उन्होंने गुरुवार को होने वाले इन चुनावों में मतदान के लिए सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। मीडिया से हुई बातचीत में उन्होंने पार्टी की संभावनाओं को लेकर कहा, अब तक आए परिणामों से भाजपा के पक्ष में लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। हम जिला पंचायत अध्यक्ष की 40 फीसदी और ब्लॉक प्रमुखों की 20 फीसदी सीटों पर निर्विरोध जीत चुके हैं। वहीं जिस तरह का जनादेश विकास के पक्ष में सभी जनप्रति.निधियों को हासिल हुआ है, वो गांवों में विकास का तीसरा इंजन लगाने के पक्ष में है। चुनाव को लेकर संगठन की तैयारी और निर्वाचित प्रतिनिधियों पर जनता की अपेक्षा का दबाव, भाजपा की एकतरफा जीत का स्पष्ट संकेत है। पार्टी द्वारा अपने समर्थित प्रत्याशियों के माध्यम से सभी वोटर जनप्रतिधियों को मतदान प्रक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई है। लिहाजा शेष 7 जिला पंचायत अध्यक्ष और अधिकांश ब्लॉकों के लिए होने वाला मतदान भाजपा के पक्ष में होगा। वहीं कांग्रेस के दावों को लेकर दिए जवाब में उन्होंने कहा कि, उनकी जमीनी हकीकत की कलई तो सदस्यों और प्रधानों के चुनाव परिणाम में ही पहले नजर आ गई है।




# उच्चस्तरीय समिति ने धराली में पुनर्वास के पहलुओं का किया मूल्यांकन

## धराली आपदा पीड़ितों ने की केदारनाथ की तर्ज पर पुनर्निर्माण करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली में शासन द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति ने व्यापक निरीक्षण कर पुनर्वास एवं आजी.विका सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक पहलुओं का मूल्यांकन कर प्रभावितों से गहन चर्चा किया है। प्रभावित ग्रामीणों ने जांगला,लंका एवं कोपांग में विस्थापन की मांग रखते हुए केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण की तर्ज पर धराली का पुनर्निर्माण करने का आग्रह किया।



बुधवार को धराली पहुंचे समिति के सचिव राजस्व डॉ.सुरेंद्र नारायण पांडेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी युकाडा डॉ.आशीष चौहान तथा अपर सचिव वित्त हिमांशु खुराना शामिल रहे।

समिति के सदस्यों ने प्रभावित परिवारों एवं जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से विस्तृत विचार-विमर्श कर उनके सुझाव संकलित किए। प्रभावित ग्रामीणों ने जांगला,लंका एवं कोपांग में विस्थापन की मांग रखते हुए केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण की तर्ज पर धराली का पुनर्निर्माण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आपदा पीड़ित कौशिक पंवार ने सेब उत्पादकों के लिए सड़क मार्ग के समीप सुरक्षित भंडारण हेतु शैड निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने आश्वासन देते हुए कहा कि सड़क मार्ग के बहाल होते ही शैड का निर्माण प्राथमिकता से कराया जाएगा। समिति के अध्यक्ष डॉ.सुरेंद्र नारायण पांडेय ने कहा यह त्रासदी अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। केंद्र एवं राज्य सरकार शासन और प्रशासन इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। तात्कालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। क्षति की भरपाई के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया जाएगा और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत, जगमोहन रावत, कौशिक पंवार, एसडीएम मुकेश रमोला, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. रजनीश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं प्रभावित परिवार उपस्थित रहे।












# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएम के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा

## तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं बच्चों ने किया प्रतिभाग

■ तिरंगा यात्रा भारत के महान सपूतों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसरः मुख्यमंत्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सीएम धामी ने बुधवार को गाँधी पार्क, देहरादून से जनप्रतिनिधियों, हजारों की संख्या में युवाओं, छात्र - छात्राओं, महिलाओं एवं बच्चों के साथ हाथ में तिरंगा लेकर 'भारत मां की जयकार, वंदे मातरम' की गूंज के साथ तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। सीएम ने उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन किया, विशेषकर युवाओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने 'हर घर तिरंगा' अभियान (13-15 अगस्त) का शुभारंभ भी किया।

राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों के बीच मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। सीएम ने युवाओं का अभिनंदन करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। तिरंगा यात्रा को देख लग रहा था कि देहरादून की सड़कों पर समूचा भारत उमड़ पड़ा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, एकता और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि इस स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर, प्रतिष्ठान, कार्यस्थल और संस्थानों पर तिरंगा पूर्ण सम्मान एवं गौरव के साथ फहराएं।

स्वाधीनता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर सेनानियों को स्मरण कर नमन करें। सीएम धामी ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि भारत माता, स्वाधीनता सेनानियों, शहीद सैनिकों, वीरांगनाओं एवं भारत के महान सपूतो के प्रति आभार व्यक्त करने अवसर भी है। उत्तराखंड का हर गांव, नगर, जनपद में भव्य तिरंगा यात्रा इसका उदाहरण है।

# अग्निवीरों को 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण

## पुलिस, गृह एवं वन विभाग भर्ती में आरक्षण को कैबिनेट की मंजूरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में धर्मांतरण कानून को और सख्त बनाने के लिए कानून में संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। जिसके तहत सोशल मीडिया के माध्यम और छद्म भेष धारण करने के कृत्य भी शामिल कर लिए गये हैं।

बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में करीब दो दर्जन प्रस्तावों को हरी झंडी देते हुए निर्णय लिए गए हैं। उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक में लिया ऐतिहासिक फैसला लेते हुए तय किया गया है कि अग्निवीरों को प्रदेश में पुलिस, गृह विभाग एवं फॉरेस्ट विभाग की भर्ती में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा। इससे अग्निवीरों को सेवाओं में प्राथमिकता का लाभ मिलेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2026 में 850 अग्निवीर रिटायर होकर वापस आएंगे। अग्नि वीरों को आयु सीमा में भी छूट प्रदान की जाएगी।

मुख्य निर्णयों में धर्मांतरण कानून को और सख्त बनाने के साथ ही वनीकरण निधि प्रबंधन से जुड़े संशोधन, सहकारिता सेवा मंडल नीति उद्योग निर्माण में भी मिली नई मंजूरी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग 2025 की नई नियमावली को मंजूरी शामिल है।

### कुछ अन्य फैसले

**देहरादून।** राजकीय औद्योगिक आस्थानों में शेड भूखंडों के आवंटन-निरस्तीकरण- स्थानांतरण- किराया आदि के संबंध में एकीकृत प्रक्रिया में संशोधन को मंजूरी। उत्तराखंड राज्याधीन सेवाओं में समूह ग के सीधी भर्ती के वर्दीधारी पदों पर सेवायोजन हेतु सेवामुक्त अग्निवीरों को क्षैतिज आरक्षण नियमावली ख 2025 मंजूर। उत्तराखंड उच्चतर न्यायिक सेवा (संशोधन), नियमावली 2025 मंजूर। उत्तराखंड भू सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) के वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 को विधानसभा में सदन पटल पर रखे जाने को मंजूरी मिली। लखवाड़ बहुउद्देशीय जल विद्यतु परियोजना के लिए देहरादून जनपद के ग्रामों में अधिग्रहण किए जाने वाली भूमि की दरें, जनपद टिहरी के ग्रामों के समकक्ष की गई। उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड, के वर्ष 2021-22 के वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन को विधानसभा पटल पर प्रस्तुत करने का मंजूरी।

# सुबोध उनियाल संभालेंगे संसदीय कार्य मंत्री की जिम्मेदारी

खबर का असर.......



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** विधानसभा के मॉनसून सत्र में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल संसदीय कार्य मंत्री की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सुबोध उनियाल को संसदीय कार्य मंत्री के कार्य की जिम्मेदारी भी दे दी है। जिम्मेदारी मिलने पर मंत्री सुबोध उनियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार जताया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी सत्र के दौरान संबंधित विभागों से जुड़े सवालों के उत्तर देने के लिए कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल को अधिकृत किया है, जिसका मुख्यमंत्री कार्यालय से बुधवार को आदेश जारी हो गया है।

उत्तराखंड विधानसभा के द्वितीय सत्र का 19 अगस्त से 22 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री की जिम्मेदारी का पद 17 मार्च 2025 से उस समय से खाली चल रहा था जब तत्कालीन मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विवाद के बाद इस्तीफा दे दिया था, ये बहुत ही महत्वपूर्ण और मुख्यमंत्री के भरोसे वाली जिम्मेदारी का पद होता है।

# कालसी-चकराता मार्ग पर हादसा पिकअप 200 मीटर खाई में गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया/चकराता।** कालसी-चकराता मोटर मार्ग पर बुधवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। विकासनगर से चकराता की ओर जा रही पिकअप लोडर (यूके07 सीडी 6335) सैंज गांव के समीप अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना करीब दोपहर 2 बजे की है। स्थानीय ग्रामीणों ने वाहन को गिरते देखा तो तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। ग्रामीण राज.ेंद्र तोमर, सुरेश तोमर, महावीर तोमर, मातबर तोमर, कैशर सिंह तोमर, विजयराम, गुड्डू निराला, ओम प्रकाश युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी तथा सहिया चौकी के सिपाही राजेश रावत और मनोज कुमार ने घायल को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाया। चालक प्रदीप भंडारी (47) पुत्र स्व. वीरेंद्र भंडारी, निवासी बाड़वाला अंबाड़ी, विक.ासनगर ने बताया कि चकराता की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार को बचाने के प्रयास में पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

## जमीनी विवाद को लेकर हुई लड़ाई में चार लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर हुई लड़ाई में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर दिया है। बताते चले कि नगर निगम श्रीनगर के पास मुस्लिम समुदाय के एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद लेकर लड़ाई हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच लात घुसे के साथ ही खुब डंडे भी बरसे। नर्सरी रोड़ पर लडाई होने पर मामला सोशल मीडिया पर वाइरल हो गया। लडाई में महिलाएं भी शामिल रही। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई।

# महाराज ने निमोलिया गदेरे का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री व चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने भारी बारिश और अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को सड़कों को तत्काल ठीक करने के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली एवं पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।



लोनिवि मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के तहत विकासखण्ड एकेश्वर में भारी बरसात से क्षतिग्रस्त ज्वाल्पा -खिर्कू-पाबो मोटर मार्ग स्थित निमोलिया गदेरे का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को शीघ्रता से उसके समीप पुस्ता निर्माण करने और उसके समीप क्षतिग्रस्त सड़क ठीक करने के लिए लोनि.वि अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र में आपदा से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण एवं निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ उनके निराकरण के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

# कांग्रेस आज निकालेगी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' कैंडललाइट मार्च

## वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का देश व्यापी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ 22 अगस्त से 7 सितंबर तक प्रदेश के सभी मुख्य शहरों में होंगी रैलियां

**देहरादून।** लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की और से देश में सत्ताधारी भाजपा और चुनाव आयोग की मिली भगत से की जा रही वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने देश व्यापी अभियान का आह्वाहन किया है।

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की और से अभियान को व्यापक पैमाने पर सफल बनाने के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस के सभी नेताओं व जिला अध्यक्षों को अभियान को सफल बनाने का आह्वाहन किया है। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़ो अभियान की शुरुआत कल चौदह अगस्त कैंडल मार्च निकाल कर की जाएगी। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड में कल पंचायत चुनाव के मतदान के कारण राजधानी देहरादून व हरिद्वार में कैंडल मार्च निकाला जाएगा बाकी जनपदों में 16 अगस्त को कैंडल मार्च आयोजित किए जाएंगे। 22 अगस्त से 7 सितंबर तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वोट चोर गद्दी छोड़ रैलियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण में वोट चोर गद्दी छोड़ के प्रपत्र पर प्रदेश भर में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा जिसमें पार्टी कार्यकर्ता घर घर जा कर अपने वोट के अधिकार को सुरक्षित रखने व फर्जी वोटिंग के खिलाफ लोगों से

## विधानसभा अध्यक्ष ने सात प्रमुख पुलों पर स्थापित एलईडी स्ट्रीट लाइट्स का किया लोकार्पण

**कोटद्वार।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने मंगलवार देर शाम को 1 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के सात प्रमुख पुलों पर स्थापित एलईडी स्ट्रीट लाइट्स का लोकार्पण किया।कार्यक्रम के तहत सुखरो नदी के पुल पर क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति में स्ट्रीट लाइट का स्विच ऑन कर इन्हें औपचारिक रूप से जनसमर्पित किया गया। श्रीमती खण्डूड़ी भूषण ने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-337 के अंतर्गत, राज्य वित्त आयोग से स्वीकृत इस परियोजना को प्रशास.निक वर्ष में शासन से अनुमोदन प्राप्त कराया गया था।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कारगी कूड़ा घर को हटाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने बुधवार को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित कारगी कूड़ा प्रबंधन यार्ड से उत्पन्न जनस्वास्थ्य और पर्यावरणीय संकट को लेकर जिलाधिकारी देहरादून को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यार्ड के तत्काल विस्थापन की मांग की गई है। रौतेला ने कहा, कारगी यार्ड से उठती दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप और जल स्रोतों का प्रदूषण क्षेत्रीय जनता के लिए अभिशाप बन चुका है। महिलाएं, बच्चे और वृद्धजन इस संकट से सबसे अधिक प्रभावित हैं। यह केवल स्वच्छता का नहीं, बल्कि जीवन की गरिमा का प्रश्न है।

ज्ञापन में कहा गया है कि यार्ड से उत्पन्न दुर्गंध और प्रदूषण से अस्थमा, एलर्जी, डेंगू जैसी बीमा.रियाँ बढ़ रही हैं। बरसात के मौसम में कूड़े का रिसाव जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है। मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव, विशेषकर बच्चों और महिलाओं में चिंता और असहजता की स्थिति। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता, तो महिला कांग्रेस जनहित में आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगी। इस मौके पर आशा मनोरमा शर्मा, नजमा खान, पूनम सिंह, पुष्पा पंवार, सुशीला शर्मा, दीपा चौहान सचिव, भावना आदि मौजूद रहे।

# यूकेडी ने भाजपा पर लगाया खरीद-फरोख्त का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उक्रांद केंद्रीय कार्यालय में दल के केंद्रीय महामंत्री बृज मोहन सजवाण व केंद्रीय मीडिया प्रभारी किरन रावत ने राज्य में 14 अगस्त को होने जा रहे ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में हो रही अनियमितता पर प्रेस वार्ता की।

केंद्रीय महामंत्री बृजमोहन सजवाण ने भाजपा पर खरीद फरोख्त की राजनीति का आरोप लगाया। कहा कि इस पंचायत चुनाव ने सारे मिथक तोड़ते हुए स्पष्ट कर दिया कि भाजपा और कांग्रेस दोनों की तासीर एक ही है। दोनों पार्टियों ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए टिहरी गढ़वाल जिले में ऐसा क्या समझौता किया कि जो जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी कांग्रेस समर्थित थी वह भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी हो गयी, इसके बाद कांग्रेस भी इस विषय पर मौन है। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस ही भाजपा है और भाजपा ही कांग्रेस है। इसी प्रकार से से पौड़ी से जिला पंचायत अध्यक्ष की दौड़ में रचना बुटोला जो पूर्व में जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहते हुए डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा घोटाले में संलिप्त रही, यह सब जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली सरकार के राज में हो रहा है। केंद्रीय मीडिया प्रभारी किरन रावत ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र को कलंकित करने का कार्य किया है। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजेंद्र सिंह बिष्ट, परवीन चंद रमोला, अंकेश भंडारी, सैनिक प्रकोष्ठ से अनूप बिष्ट व संतोष चौहान आदि रहे।

## न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने की पैदल यात्रा

**रुद्रप्रयाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अंत.रराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर व वाहन रहित दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं कर्मचारियों ने अपनी निजी आवास से न्यायालय परिसर तक पैदल यात्रा की। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर न्यायिक अधिकारी के साथ ही अधिवक्ताओं ने अपने-अपने घरों से वाहन से न पहुंचकर पैदल यात्रा से न्यायालय पहुंचे। जहां पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार ने कई रोचक तथ्यों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए।

# लाखों की लागत से PMGSY विभाग के बनाए गए प्लम टूटने लगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली/देवाल।** लाखों रूपयों की लागत से निर्मित प्लम ब्लाक एक बरसात भी नही झेल पाए जिससे विभागीय गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने बनाएं गए पुलमों की गुणवत्ता की शासन, प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच मांग की हैं।

दरअसल विकास खंड देवाल के अंतर्गत हाटकल्याणी-अटृठू-बेराधार तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 8 किमी मोटर सड़क का आरडब्लूडी के पीएमजीएसवाई कर्णप्रयाग डीविजन के द्वारा निर्माण कार्य किया गया था। किंतु इस सड़क के किमी 4 अटृठू गांव में सड़क पर अचानक पिछले वर्षो भूस्खलन होना शुरू हुआ था जिस कारण सड़क मार्ग यातायात के लिए बाधित होता आ रहा था। भूस्खलन रोकने के लिए पिछले वर्ष पीएमजीएसवाई के कर्णप्रयाग डीविजन के द्वारा यहां पर लाखों रूपयों के प्लम ब्लाकों का निर्माण कार्य करवाया था। किंतु इस बरसात में प्लम ब्लाक क्षतिग्रस्त हो गए हैं।किस गुणवत्ता के साथ ब्लाकों का निर्माण कार्य किया गया है,उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ब्लाक भूस्खलन में ढहें नही हैं बल्कि कई ब्लाक बीचों बीच फट कर रह गयें हैं। अटृठू के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान उमेश मिश्रा व इसी गांव के पूर्व शिक्षा एवं सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने बताया कि करीब 25 लाख रूपयों की लागत से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में पीएमजीएसवाई के कर्णप्रयाग डीविजन के द्वारा प्लम ब्लाकों का

करीब 25 लाख रूपयों की लागत से इस सड़क पर कार्य किए गए, इसके तहत स्लिप सफाई,वायरक्रेड़ निर्माण,पुलम ब्लाकों का निर्माण, सुरक्षा दिवालों का निर्माण कार्य किया गया।पुलम क्यूं फटा यह जांच का विषय हैं.. . **धीरेंद्र सिंह भंडारी, सहायक अभियंता, पीएमजुएसवाई कर्णप्रयाग**

## एक नजर .......

### होमगार्ड की टीम ने धराली घर -घर पहुंच कर लिया राहत वितरण का फीडबैक

**उत्तरकाशी।** धराली आपदा पीड़ितों के डोर टू डोर पहुंच कर होमगार्ड की टीम राहत सामग्री वितरित करने की जानकारी जुटा रहे हैं। बुधवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के उत्तरकाशी के दिशा निर्देशन में होमगार्ड की जनशक्ति की दो टीमें आपदा प्रभावित पुरानी धराली और नई धराली गांव में पहुंच कर राहत सामग्री, राशन आदि वितरित हुआ है या नहीं वृस्तित जानकारी जुटाई है। होमगार्ड की टीम उन परिवारों के घरों में पहुंची जिन्होंने पांच अगस्त को खीर गंगा में के जल सैलाब में अपनों को खोया है। टीम ने पीड़ितों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद के हाथ बढ़ाया है।

### गोदियाल ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया

**पौड़ी।** उत्तराखण्ड कांग्रेय के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बुधवार को पाबौ के ग्राम चौफंडा में प्राकृतिक आपदा से हुये नुकसान का जायजा लिया साथ ही प्रभावित परिवारों एवं ग्रामीणों से मिलकर उनका दु:ख साझा किया। उन्होने अधिकारियों से बात कर प्रभावितों को त्वरित यथासंभव सहायता प्रदान करने को कहा।

### बच्चों को नशे से दूर रहने की दी गई सलाह

**सेलाकुई।** राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने युवाओं और अन्य लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। सीएमएस डा. प्रताप सिंह ने बताया कि नशे की लत से फंस बच्चे अक्सर अपने परिवार से दूर हो जाते हैं और इससे परिवारों में अविश्वास और तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है और परिवार टूटने के कगार पर पहुंच जाता है।

### बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए सौंपा डीएफओ को ज्ञापन

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार में लगातार बंदर व लंगूरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदरों के आतंक से बुजुर्ग व बच्चों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। बुधवार को वार्ड नं. 6, काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र के लोग पार्षद सूरज कांति के नेतृत्व में प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में वार्ड नं. 6 में बंदरों का आतंक बढ़ गया है। बंदरों को भगाने पर वे उल्टा काटने को दौड़ रहे है, वहीं कई लोगों पर हमला भी कर चुके है। बंदर खेतों में उगी साग-सब्जी को चट करने के साथ ही पेड़ पौधों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे है। ज्ञापन सौंपने वालों में सरिता देवी, कविता देवी, नीलम कुकरेती, कुसुम रावत, बीना रावत और जयंती सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### कांग्रेस ने क्लस्टर विद्यालय खोलने की योजना का किया विरोध

**कोटद्वार।** जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में विभिन्न विद्यालयों को मर्ज कर क्लस्टर विद्यालय खोलने की प्रदेश सरकार की योजना का विरोध किया है। कहा कि यह योजना पहाड़ी क्षेत्रों के लिए कारगर नहीं है। इस संबध में जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में बुधवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में राज्य सरकार की ओर से कई विद्यालयों को मर्ज कर क्लस्टर विद्यालय खोलने की प्रक्रिया चल रही है, जो पहाड़ी क्षेत्रों के लिए कारगर नहीं है। ये योजना छात्र-छात्राओं के विद्यालय में पहुंचने के लिए दूरी को बढ़ायेगी। वर्तमान में भी कई पहाड़ी स्थानों के छात्र-छात्राओं को लंबी दूरी तय कर जंगलों के रास्ते विद्यालय पहुंचना पड़ता है। ऐसे में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को क्लस्टर विद्यालय खोलने के स्थान पर विद्यालयों में रिक्त पड़े प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के पद पर शीघ्र नियुक्ति करनी चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, गोपाल सिंह, योगंबर चौहान, विनय मोहन नेगी, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती और महावीर नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### श्रीनगर में ह्दय रोग और न्यूरोसर्जन की नियुक्ति की जाएं

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के टीचिंग बेस चिकित्सालय श्रीनगर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति न होने पर अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन ने गहरा रोष व्यक्त किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों न होने से मरीजों को हायर रेंफर सेंटर भेजा जा रहा है। इस संदर्भ में उन्होने मुख्यमंत्री, गढ़वाल सांसद और स्वास्थ्य मंत्री को भेजे ज्ञापन में संगठन के सचिव दीनबंधु सिंह चौहान ने कहा कि बेस चिकित्सालय श्रीनगर केवल रेफर सेंटर बना हुआ है। बताया कि चार जिलों का सबसे बड़ा चिकित्सालय होने के चलते यहां हृदय रोग विशेष और न्यूरोसर्जन और न्यूरो फिजिशियन की नियुक्ति न होने से मरीजों का मैदानी क्षेत्रों की ओर दौड़ लगानी पड़ रही है। जिसमें अधिकांश मरीज रास्ते में ही दम तोड रहें है। उन्होने मुख्यमंत्री, गढ़वाल सासंद अनील बलूनी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से बेस चिकित्सालय श्रीनगर में हृदय रोग विशेष, न्यूरोसर्जन और न्यूरो फिजिशियन की नियुक्ति किए जाने मांग की है।

### गढ़वाल विवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण आज से

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में सत्र 2025-26 के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी। इसको लेकर लेकर आज (कल) से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो जायेगा। गढ़वाल विविके अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसांई ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर, बीएड, बीपीएड एवं पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए गढ़वाल विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा में आयोजित की गई थी। बताया कि प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राएं 14 से अगस्त तक समर्थ पोर्टल में पंजीकरण कर सकते है। बताया कि पंजीकरण के दौरान विश्वविद्यालय के परिसरों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों का चयन करना अनिवार्य होगा। बताया छात्र गढ़वाल विवि के परिसरों में प्रवेश के लिए छात्र https://hnbguadm.samarth.edu.in@camp ने में अपना पंजीकरण कर सकते है। जबकि गढ़वाल विवि से सम्बंद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं https://hnbguadm-samarth.edu.in@college में अपना पंजीकरण कर सकते है।

### गोविन्दनगर में निकला 7 फीट का कोबरा, सूचना के चार घंटे बाद भी नहीं पहुंची वन विभाग की टीम

**कोटद्वार।** वर्तमान सरकार में अधिकारी व कर्मचारी इतने बेलगाम हो गये है कि वह अपना कर्तव्य तक ही भूल गए हैं। ताजा प्रकरण बुधवार को वनविभाग का है, नगरनिगम कोटद्वार क्षेत्र के गोविंद नगर के एक घर में लगभग सात फिट लंबा कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सांप को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय नागरिकों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, लेकिन कई घंटे बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नही पहुंची। इसके बाद सांप रेंगता हुआ रेलवे लाइन की तरफ चला गया जिससे अगल बगल रह रहे लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। स्थानीय निवासी गौरव ने बताया कि सबसे पहले इसकी सूचना सुबह 11 बजकर 27 मिनट पर एसडीओ पूजा पयाल को दी गई। इसके बाद आधे घंटे तक जब कोई कर्मचारी नहीं आया तो पुनः एसडीओ पूजा पयाल को 11 बजकर 53 मिनट पर फोन किया गया जिसके बाद वन विभाग की कोटद्वार रेंज के कर्मचारी राहुल चमोली का 11 बजकर 57 मिनट पर फोन आया और बताया कि एक कर्मचारी आ रहा है किंतु इसके दो घंटे बाद तक भी न तो कोई कर्मचारी आया और ना ही किसी का फोन आया। जिसकी सूचना एसडीओ लैंसडाउन को दोपहर 2 बजकर 8 मिनट पर दी गई। अब देखने वाली बात यह होगी कि इन लापरवाह कर्मचारियों पर वन विभाग द्वारा क्या कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

# योग पार्क व एआई चैटबॉट 'निगम सारथी' सीएम ने किया लॉन्च

## दोनों मंडलों में एक-एक 'स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन' की हो रही स्थापना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून नगर निगम के अंतर्गत केदारपुरम में योगा पार्क एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने एआई चैटबॉट 'निगम सारथी' लॉन्च किया और हरित नीति के डोक्यूमेंट का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने पर एक पेड़ माँ नाम के नाम के तहत रूद्राक्ष का पौधा रोपा, जो सरकार द्वारा चलाये गये बृहद पौधारोपण अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र देहरादून के अन्तर्गत इस वर्ष रोपा गया एक लाखवां पौधा था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वच्छता सम्मान सेनानियों और कर निरीक्षकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारपुरम में आधुनिक योगा पार्क के जरिए हम राजधानी देहरादून में स्वास्थ्य, खुशहाली और पर्यावरण को साथ लेकर चलने की दिशा में एक और मजबूत कदम उठा रहे हैं। यह योगा पार्क आने वाले समय में शहरवासियों के लिए न केवल आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि स्वास्थ्य, फिटनेस सहित सामाजिक गतिविधियों का भी एक प्रमुख केंद्र होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को योग एवं अध्यात्म की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के साथ, इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश में देश की पहली 'योग नीति' लागू कर दी गई है। साथ ही राज्य में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक-एक ''स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन'' की स्थापना भी की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि योग लोगों की जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बने, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो सके। इसी सोच के साथ केदारपुरम सहित अन्य पार्कों का निर्माण किया गया है।

### कल्पना देंगी एक करोड़

राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सेनी ने इस अवसर पर उत्तरक. ाशी के धराली में आई आपदा में पीड़ितों के पुनर्वास और राहत कार्यों के लिए एक माह का वेतन और अपने सांसद निधि से एक करोड़ रूपये निर्माण कार्य के लिए प्रदान करने की बात कही।

### मेयर ने दी जानकारी

कार्यक्रम में मेयर सौरभ थपलियाल ने नगर निगम देहरादून द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, नगर आयुक्त देहरादून नमामि बंसल, पार्षदगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### विकास कार्यों का विवरण शिलान्यास

गांधी पार्क का विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य-164.33 लाख, नगर निगम टाउन हॉल का जीर्णोद्धार एवं हाल के अंदर और मुख्य, बिल्डिंग के बाहर एफआरपी कार्य- 232.50 लाख।

### लोकार्पण

वार्ड 33 यमुना कॉलोनी में पार्क निर्माण कार्य-139.49 लाख, वार्ड 88 हरबा. जवाला में मछली तालाब का रखरखाव, वनीकरण एवं वाकिंग ट्रैक निर्माण-170.32 लाख, वार्ड 58 डिफेंस कॉलोनी केदारापुरम में योगा पार्क का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य - 437.07 लाख।

# 17 नई सस्ता गल्ला राशन दुकान खुली, 12 नई के निकाले टेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल जिला पूर्ति कार्यालय में सरकारी सस्ते गल्ले की नई दुकानों के लिए प्रस्तावित दबी फाईल को निकालते हुए टैण्डर प्रक्रिया जारी कर दी है। जनमानस को भीड़ में लगकर एक ही दुकान से राशन लेने को मजबूर थे, जिलाधिकारी नई सस्ता गल्ला की राशन दुकानों के लिए टेण्डर करने के निर्देश दिए।

विभिन्न नगर निगम/नगर पालि. का क्षेत्रान्तर्गत नई सरकारी सस्ता गल्ले की दुकानों के आंवटन हेतु पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये थे जिसके क्रम में 17 नई सस्ते गल्ले राशन की दुकानें खुल गई हैं तथा 12 नई दुकानों के लिए टेण्डर आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने वर्षो से प्रस्तावित नई सस्ता गल्ला राशन की दुकानों की पत्रावली बाहर निकाली जिसका नतीजा यह निकला की 17 दुकाने खुल गई हैं तथा शेष दुकानों के लिए आवेदन आमत्रित किए गए हैं। जनपद देहरादून के शहरी क्षेत्रों में उचित दर विक्रेताओं की मृत्यु/त्याग पत्र दिये जाने तथा आबादी में वृद्धि होने, शहर में विद्यमान उचित दर दुकानों पर राशन कार्ड उपभोक्ताओं का भार बढने व सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था को सुदृढ करने तथा जनमानस की सुलभता के दृष्टिगत नई उचित दर की दुकानों के आंवटन के लिये जिला प्रशासन ने सुचना जारी की। प्रशासन द्वारा 12 नई दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिनमें नगर निगम देहरादून अन्तर्गत डालनवाला क्षेत्र दून विहार जाखन, कनाटप्लेस चुक्खुवाला, मियावाला क्षेत्र बालावाला, मोहकमपुर, ब्रहमणवाला, रायपुर प्रथम डांडा लखौण्ड (खुदान. ‵वाला), नगर पालिका मसूरी अन्तर्गत बार्लोगंज, नगर निगम ऋषिकेश अन्तर्गत अम्बेडकर चौक, अद्वैतानन्द मार्ग, मुखर्जी चौक, इन्द्रा नगर, आशुतोष नगर राशन दुकानों के लिए टेण्डर आमंत्रित किए गए हैं।

# पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की त्वरित जानकारी जीवन रक्षक के समान: राज्यपाल



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में मौसम विज्ञान केन्द्र, देहरादून के नवनियुक्त निदेशक डॉ. सी.एस. तोमर ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने डॉ. तोमर को नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मौसम विज्ञान का सटीक और समयबद्ध पूर्वानुमान राज्य के पर्वतीय भू-भाग और आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ. तोमर के नेतृत्व में मौसम विज्ञान केन्द्र आधुनिक तकनीक, सैटेलाइट डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों का उपयोग कर जनता को और अधिक सटीक मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराएगा।

राज्यपाल ने उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों, वर्षा के पैटर्न, ग्लेशियर परिवर्तन और बादल फटने जैसी घटनाओं के प्रभाव पर चर्चा करते हुए, इनके समय पर पूर्वानुमान से जान-माल की क्षति को कम करने की दिशा में सक्रिय प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की त्वरित जानकारी किसानों, पर्यटकों और आम नागरिकों के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकती है।

# डीएम ने सुनी स्वतंत्राता सेनानी के परिवारों की शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों की शिकायतों संबंधी बैठक में 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से छः शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जबकि शेष चार शिकायतों के निस्तारण के लिए शासन को भेजी गई। डीएम ने सेनानियों की समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी प्रतीक जैन स्वतंत्रता संग्राम सेना. नियों की समस्याएं सुनी। जिसमें दस शिकायतों के सापेक्ष छः शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष चार शिकायतों को तत्काल शासन को अग्रेषित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हमारे राष्ट्र की अमूल्य विरासत हैं और उनका सम्मान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सेना. नियों द्वारा उठाई गई हर समस्या का समाधान किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, तहसीलदार प्रणव पांडेय, सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी अनुसूर्या बिष्ट, प्रभारी सीएम हेल्पलाइन विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/विकासनगर।** एक युवती से छह: वर्ष तक शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को मुकदमा दर्ज हो जाने के बाद आखिरकार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

विकासनगर निवासी एक युवती ने ने पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी जान पहचान करीब आठ वर्ष पूर्व ढकरानी निवासी जुनैद पुत्र शहीद शाह निवासी ढेकरानी से हुई थी। उसने बताया कि इस दौरान जुनैद ने उसके साथ विवाह करने की बात कहते हुए करीब छह: वर्ष तक उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। उसने बताया कि इस दौरान जब वह गर्भवती हो गई और उसने एक प्राईवेट अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया। पीडिता ने बताया कि जन्म के दौरान ही उसके बच्चे की मौत हो गई। शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले जुनैद ने उस पर धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप भी लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मामले की जांच करवाई तो मामले की सत्यता सामने आने के बाद विक. ासनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश के बाद विकासनगर कोतवाली में आरा. ‵पी जुनैद के खिलाफ संगीन धारा 69बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियां ने आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए तो विक. ासनगर कोतवाली पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती बनाने के आरोप मे चौकी विकासनगर के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

# टिहरी में रेड अलर्ट, पुलिस ने गंगा और संगम घाट खाली कराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** लगातार हो रही बारिश और मौसम विभाग द्वारा जारी रेड अलर्ट को देखते हुए टिहरी पुलिस ने एहतियातन मुनिकीरेती के गंगा घाटों और देवप्रयाग के संगम घाट को खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। भारी बारिश की संभावना के बीच नदियों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी की आशंका जताई गई है, जिससे नदी तटों पर खतरा बढ़ गया है।

एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि जनपद में अगले चार दिनों तक भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इस स्थिति में लोगों से कम से कम आवाजाही करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि मुनिक. ीरेती और देवप्रयाग क्षेत्रों में पुलिस टीम लाउड हेलर के जरिए लगातार लोगों को सचेत कर रही है और जोखिम वाले इलाकों से हटाया जा रहा है। जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि यह कदम लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए हैं।

## पुलिस ने एनआई एक्ट के वारंटी को दबोचा

**नई टिहरी।** टिहरी थाना पुलिस ने 138 एनआई एक्ट के एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार, एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में वारंटियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वारंटी यशपाल सिंह मिश्रवाण (48) पुत्र श्री धन सिंह मिश्रवाण, निवासी मिश्रवाण भोजनालय, नियर केंद्रीय विद्यालय प्राइमरी सेक्शन, नई टिहरी गढ़वाल, थाना कोतवाली नई टिहरी को पुलिस टीम ने दबिश देकर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एएसआई नरेंद्र सिंह तोमर और कांस्टेबल अरविंद कुमार शामिल रहे।

# जोशी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली में उमड़ा जनसैलाब

- **भारी बारिश के बावजूद हर घर तिरंगा अभियान रैली में कैबिनेट मंत्री के साथ सैकड़ों लोग हुए शामिल**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा रैली में प्रतिभाग किया। यह तिरंगा यात्रा देहरादून स्थित चीड़बाग से प्रारंभ होकर सालावाला चौक पर यात्रा का समापन किया गया।

तिरंगा यात्रा में भारी बारिश के बावजूद सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, पूर्व सैनिक, युवा, पार्टी पदाधिकारी और स्थानीय नागरिकों ने भारत माता की जय के नारों के साथ शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पिछले तीन वर्षों से तिरंगा यात्रा और घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि ष्यह यात्रा हमारे वीर शहीदों को नमन है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की आन-बान-शान की रक्षा की। उन्होंने आगे कहा कि तिरंगे का महत्व केवल देश की सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विदेशों में भी इसकी पहचान और ताकत को पूरी दुनिया ने देखा है। यूक्रेन संकट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब वहां संकट की घड़ी में भारतीय फंसे थे, प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश दिया था कि जिसके हाथ में भारत का तिरंगा होगा, उसे सुरक्षित निक. ाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नजारा केवल भारत ही नहीं, बल्कि नेपाल, भूटान सहित कई देशों के लोगों ने अपनाया और सुरक्षित बाहर निकले। इस अवसर पर भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, सुरेंद्र राणा, निरंजन डोभाल, आशीष थापा, सुरेंद्र राणा, पार्षद भूपेंद्र कठेत, भावना चौधरी, नंदनी शर्मा, योगेश घाघट, मोहन बहुगुणा आदि उपस्थित रहे।

## एन्क्राफ्ट इंडिया प्रा. लि. में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सेलाकुई।** एन्क्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सेलाकुई के परिसर में बुधवार को कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन कंपनी ने ग्राफिक एरा हॉस्पिटल, ढोलकोट, सेलाकुई के सहयोग से किया। इस अवसर पर एन्क्राफ्ट इंडिया प्रा. लि. के प्लांट हेड, सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा यदि कर्मचारी स्वस्थ और फिट रहेंगे, तो वे अपनी पूरी क्षमता के साथ सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता दे पाएंगे। स्वास्थ्य जांच में कीर्ति पंवार, अवनीश यादव, जोगेन्द्र सिंह, उमेश मिश्रा, योगेन्द्र चौधरी, विजय शर्मा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का पालन हर नागरिक का कर्तव्य: राज्यपाल



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को देहरादून स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन हर नागरिक का कर्तव्य है, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में जहाँ सड़कों की स्थिति और मौसम की चुनौतियां दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ा देती हैं। उन्होंने कहा कि लाप. रवाही से वाहन चलाना न केवल चालक, बल्कि दूसरों के जीवन को भी खतरे में डाल सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि स्कूल स्तर से ही बच्चों में सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन की जागरूकता विकसित करना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ी सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक के रूप में आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, जो यहाँ की प्राकृतिक सुंद. रता का आनंद लेने आते हैं। उन्होंने पर्यटकों से भी अनुरोध किया कि वे स्थानीय ट्रैफिक नियमों का पालन करें, गति सीमा का ध्यान रखें, नशा कर वाहन न चलाएं और सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें। राज्यपाल ने आरटीओ कार्यालय, देहरादून की उस पहल की सराहना की, जिसके तहत सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक वाहनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे न केवल यातायात का दबाव कम होगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने अच्छे व्यवहार वाले चालकों और दुर्घटना में लोगों की मदद करने वाले लोगों (गुड सेमेरिटन) को सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल ने आरटीओ कार्यालय में निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण (रिन्यूअल) कराया। इस अवसर पर आरटीओ (प्रशासन) संदीप सैनी, आरटीओ प्रवर्तन अनिता चमोला, एआरटीओ प्रशासन चक्रपाणी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऋषिकेश में अंडरग्राउंड बिजली लाइन के लिए 547 करोड़ मंजूर

- **मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गंगानगरी ऋषिकेश में प्रमुख बाजारों और मार्गों पर बिजली लाइन अंडरग्राउंड की जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने 547 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

ऋषिकेश कुंभ क्षेत्र (गंगा कॉरिडोर) में विद्युत लाइनों के भूमिगतीकरण तथा ऋषिकेश, हरिद्वार एवं देहरादून में विद्युत प्रणाली को स्वचालित (स्काडा) किए जाने हेतु प्रस्तावित डी.पी. आर. के सापेक्ष केंद्र सरकार से कुल रू. 547.83 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बिजली लाइन भूमिगत किए जाने से ऋषिकेश शहर के नागरिकों को विशेष सुविधा मिलेगी। इससे भीड़ भरे बाजारों से तारों का जाल हट पाएगा, साथ ही सड़कों बाजारों में आवाजाही भी सुगम हो पाएगी।

उत्तराखंड सरकार लगातार विद्युत अवसंरचना के आधुनिक. ीकरण का प्रयास कर रही है। अंडरग्राउंड केबलिंग से विद्युत आपूर्ति अधिक स्थिर होगी, साथ ही आपदा और प्रतिकूल मौसम के कारण पैदा होने वाले अवरोधों से सुरक्षा मिलेगी, रखरखाव की लागत घटेगी तथा शहर का सौंदर्य भी बेहतर होगा। इस वित्तीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार।

# एमडीडीए ने की अवैध निर्माणों और प्लॉटिंग पर कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत, विभिन्न स्थानों देहरादून, विकास नगर, ऋषिकेश,अठुरवाला डोईवाला में किये जा रहे अवैध निर्माणों व प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

अनिल गोयल की सहसपुर कल्यानपुर निकट धर्मावाला में में लगभग 12 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। हरमिन्दर सिंह कु फतेपुर निकट नानक स्टेशनरी विकास नगर में किए जा रहे अवैध भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभि. अभिषेक भारद्वाज, अवर अभि. सिद्धार्थ सेमवाल, ललित नेगी, सुपरवाईजर प्यारे लाल जोशी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। सचिन कौशिक के अठुरवाला, डोईवाला में किये गये व्यवसायिक निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभि. प्रमोद मेहरा, अवर अभि. दीपक नोटियाल, सुपरवाईजर अमर लाल भट्ट व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। रामु नागर के ऋषिकेश आवास विकास में अवैध निर्मित बहुमंजिले भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। तनवी के ऋषिकेश आवास विकास में अवैध निर्मित भवन पर सीलिंग की कार्यवाही गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभि. शशांक सक्सेना, अवर अभि. मनीश डिमरी, सुपरवाईजर दीपक व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। प्रवीन कुमार गुप्ता के कांवली रोड देहरादून में किये गये अवैध निर्माण पर संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर सीलिंग की कार्यवाही गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभि. राजेन्द्र बहुगुणा, अवर अभि. मुनेश राणा, यशपाल , सुपरवाईजर प्रेम लाल पैन्यूली , मेघराज मौके पर मौजूद रहे।

# टिहरी के कलस्टर विद्यालयों में शीघ्र शुरू होंगे निर्माण कार्य

## कार्यदायी संस्था के तैयार 10.65 करोड़ के आंगणन को विभागीय मंत्री की मंजूरी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** टिहरी जनपद में कलस्टर विद्यालय योजना के अंतर्गत चिन्हित पांच राजकीय इंटर कॉलेजों में शीघ्र ही भवन निर्माण एवं अन्य अवस्थापना कार्य शुरू किये जायेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इन विद्यालयों में निर्माण कार्यों को कार्यदायी संस्था द्वारा आंगणित रूपये 10 करोड़ 65 लाख की धनराशि को मंजूरी दे दी है।



कलस्टर विद्यालय योजना के तहत टिहरी जनपद में प्रथम चरण में पांच विद्यालयों का चयन किया गया है। इन चयनित विद्यालयों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये कार्यदायी संस्था द्वारा तैयार रूपये 10 करोड़ 65 लाख के आंगणन को मंजूरी दे दी गई है। शीघ्र ही विद्यालयों में निर्माण कार्य के लिए धनराशि अवमुक्त कर दी जायेगी..

- डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।

सूबे में विद्यालयी शिक्षा को और उन्नत बनाने और एक ही कैम्पस में कक्षा-6 से लेकर कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा व सुविधा उपलब्ध करने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने कलस्टर विद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत विभिन्न जनपदों में विद्यालयों का चयन कर उन्हें कलस्टर विद्यालयों में परिवर्तित किया जा रहा है। इसी क्रम में टिहरी जनपद में चयनित 5 कलस्टर विद्यालयों में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग के परियोजना खंड ऋषिकेश द्वारा रूपये 10 करोड़ 65 लाख का आंगणन तैयार किया है। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज नागदेव पथल्ड में भवन व अन्य अवस्थापना कार्य हेतु रूपये 1 करोड़ 94 लाख, राजकीय इंटर कॉलेज बंगियाल में रूपये 2 करोड़ 26 लाख, राजकीय इंटर कॉलेज काण्डीखाल 2 करोड़ 26 लाख, राजकीय इंटर कॉलेज चाका (क्वीली) रूपये 1 करोड़ 90 लाख तथा राजकीय इंटर कॉलेज केशरधार नैचोली हेतु रूपये 2 करोड़ 55 लाख की धनराशि के आंगणन तैयार किये हैं।

जिसे विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा अनुमोदन दे दिया गया है। शीघ्र ही इन विद्यालयों में निर्माण कार्य के लिये धनराशि अवमुक्त कर दी जायेगी। योजना के अंतर्गत चयनित इन पांचों विद्यालयों को कलस्टर विद्यालय में विकसित किया जायेगा, इसके लिये इन विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यलय कक्ष, स्टॉफ कक्ष, विभिन्न प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, शौचालय आदि का निर्माण किया जायेगा साथ ही पुराने भवन की वृहद मरम्मत व अन्य सुविधाएं जुटाई जायेगी।

### राष्ट्रीय गोकुल मिशन का बजट बढ़ाए जाने पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जताया

# प्रधनमंत्री और पशुपालन व डेयरी मंत्रालय का आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** राष्ट्रीय गोकुल मिशन का बजट बढ़ाए जाने का स्वागत करते हुए हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इसे गोवंश के लिए वरदान बताया है। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि लोकसभा के मानसून सत्र में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के संबंध में पूछे गए उनके प्रश्न के लिखित उत्तर में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो.एस.पी. सिंह बघेल ने स्पष्ट किया है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए कानून बनाने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 246 (3) के अनुसार राज्य विधानमंडलों के पास है, न कि केंद्र सरकार के पास। हालांकि, केंद्र सरकार गायों के संवर्धन, संरक्षण और पालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू है। जिसका उद्देश्य देशी नस्ल की गायों का विकास और संरक्षण करना है। इस योजना को जुलाई 2021 में संशोधित और पुनर्संरेखित किया गया और राज्यों की उच्च मांग एवं योजना की सफलता को देखते हुए, मार्च 2025 में सरकार ने 1000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया। जिससे 2021-22 से 2025-26 तक के लिए योजना का कुल परिव्यय 3400 करोड़ रुपये हो गया है। देशी नस्ल के गोवंश का संरक्षण और संवर्धन राष्ट्रीय प्राथमिकता है और इसके लिए राज्यों के साथ समन्वय में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

बजट बढ़ाए जाने पर प्रधानमंत्री व पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि गाय हमारे कृषि, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन में बजट वृद्धि यह दर्शाती है कि सरकार देशी नस्लों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के बजट में वृद्धि गौवंशो के लिए वरदान है।

# किराने की दुकान में आग लगने से लाखों का माल जलकर हुआ राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** ज्वालापुर में सिराज धर्मशाला मार्ग पर फौजी किराने की दुकान में आग लगने से लाखों का माल जलकर राख हो गया। मौके पर पहुचे अग्निशमन दल ने मशक्कत के बाद आग बुझायी। सवेरे के समय परचून की दुकान की छत पर बने गोदाम से धुआं निकलते देख अन्य दुकानदारों ने दुकान स्वामी तौसीफ अहमद को सूचना दी। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। गोदाम से धुआं निकलते देख आसपास के व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों ने नीचे बनी दुकान में रखा परचून का कुछ सामान आग फैलने से पहले ही निकाल लिया। लेकिन गोदाम में लगी आग नीचे दुकान मे पहुंच गयी। जिससे गोदाम और दुकान में रखा लाखों का माल जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। स्थानीय निवासी अंकित चौहान ने बताया कि आसपास अन्य दुकानें और घर भी हैं। अग्निशमन दल के समय से पहुंचने से बड़ा हादसा टल गया। क्षेत्र के लोगों ने दुकान में रखें कुछ सामान को बचाने में व्यापारी तौसीफ अहमद की मदद की।

## सिडकुल में गैस आपूर्ति ठप होने पर महापौर ने सीएम से की वार्ता

**रुद्रपुर।** गैस अथॉरिटी ऑफ इडिया लिमिटेड की गैस पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने से सिडकुल में उद्योगों के संचालन को लेकर आ रही दिक्कतों को लेकर महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता कर पूरी स्थिति से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की। महापौर को यह जानकारी सिडकुल एसोसिएशन की ओर से दी गई थी, जिन्होंने गैस आपूर्ति बाधित होने से उत्पन्न हो रही समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की थी। इसके बाद महापौर शर्मा ने स्वयं मुख्यमंत्री से बात कर मुरादाबाद में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। महापौर ने दूरभाष पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बताया कि पिछले कुछ समय से गेल इंडिया की पाईप लाईन मुरादाबाद में क्षतिग्रस्त है, इसे दुरूस्त नहीं कराया जा रहा है।

# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत ज्वालापुर विधानसभा के पूर्वी मंडल के सुभाषगढ़ में रेल मंत्रालय के पूर्व सदस्य मनोज गौतम के संयोजन में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का समापन नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मनोज गौतम ने कहा कि देशभक्ति का जज्बा प्रत्येक हिंदुस्तानी में होना चाहिए। देश को आजादी दिलाने वाले अमर बलिदानियों की वीरगाथाओं का प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों के अदम्य साहस के बल पर ही आज हम खुले में सांस ले रहे हैं। युवाओं को वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मनोज गौतम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री देश को आर्थिक रूप से मजबूत कर प्रगति की ओर अग्रसर कर रहे हैं। सभी को तिरंगे का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान युवाओं में देश के प्रति समर्पण की भावना उत्पन्न करेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रताप प्रधान, जिला महामंत्री युवा मोर्चा दीपांशु चौहान, राजेश शर्मा, अजय शर्मा, अभिनव चौहान, शिवम चौहान, अब्दुल स्वामी, मुसर्रत, शाहरुख, दीपिका राठौड़, मंजू देवी, तेल्लू राम, राजकुमार चौहान, हरीश, विकास भारती प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक विजय सैनी का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

# तीर्थपाल रवि कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के बने जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता तीर्थपाल रवि को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए केंद्र व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है। तीर्थपाल रवि इसके पूर्व पार्टी के प्रदेश सचिव, प्रवक्ता और जिला महामंत्री रह चुके हैं। सीपी सिंह, राजवीर सिंह चौहान, बीपीएस तेजियान, बालेश्वर सिंह, प्रमोद कुमार, गीताराम जायसवाल, वरुण बालियान, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग, विनोद कुमार, वीरेंद्र श्रमिक, नितिन तेश्वर, अरविंद चंचल, पार्षद सुनील कुमार, ऋषिपाल दुबे, ललित वालिया, अमरदीप रोशन, राजेंद्र कुमार, सुखपाल सिंह, आदेश पालीवाल सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तीर्थपाल रवि को बधाई और शुभकामनाएं दी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सीपी सिंह ने कहा कि तीर्थपाल रवि कांग्रेस सच्चे सिपाही हैं। उन्होंने कोई पद न होते हुए भी पार्टी के प्रति अपने जिम्मेदारी को हमेशा पूरी निष्ठ से निभाया है। उन्हें काग्रेस अनुसूचित विभाग के हरिद्वार जिलाध्यक्ष का दायित्व मिलने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस अनुसूचित विभाग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि ने कहा ने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है। उसका निष्ठापूर्वक पालन करते हुए पार्टी को मजबूत करने में योगदान करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर चलेंगे और जल्द ही अभियान चलाकर अधिक से अधिक सदस्यों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा।

# ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी ने की बुजुर्गों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** उत्पीड़न, शोषण और अधिकार हनन पर कानूनी सहायता के लिए पुलिस प्रशासन से क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिकों को सूचीबद्ध कर समाधान के लिए बैठक आयोजित कर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की मांग कर रहे वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के निवेदन पर ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी ने वरिष्ठ नागरिकों की बैठक का आयोजन कर समस्याएं सुनी। बैठक में लगभग 80 बुजुर्गो ने भाग लिया। बैठक में बुजुर्गो ने बताया कि ई रिक्शा, थ्री व्हीलर तथा टू व्हीलर चालक वाहन चलाते समय भी फोन चलाते रहते हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ऐसे वाहन चालकों पर अंकुश लगाया जाए। रेलवे अंडरपास रविदास चौराहे पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की ड्यूटी लगाने की मांग भी की। साथ ही किराएदार सत्यापन प्रक्रिया के बारे में भी कोतवाली प्रभारी से जानकारी ली और समय-समय पर बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बुजुर्गो का आश्वासन दिया कि कोई भी समस्या होने पर बुजुर्ग उनसे कभी भी मिल सकते हैं। किराएदार सत्यापन के बार में जानकारी देते हुए बताया कि किराएदार का सत्यापन एक ही बार होगा। बैठक में संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह, विद्यासागर गुप्ता, हरि सिंह, ताराचंद, चमन सिंह, शिवकुमार, गुलाब राय, शिवचरण, एससीएस भास्कर, केपी शर्मा, अशोक पाल, बसंत लाल, बदनसिंह, महेंद्र लाल, महेशचंद, रामसागर, शिव बच्चन आदि वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

## एक नजर

### रानीपुर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, फरार वारण्टी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वारण्टियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली रानीपुर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए एक फरार वारण्टी को गिरफ्तार किया।

मामला वाद संख्या 3698/24 से जुड़ा है, जिसमें आरोपी वसीम पुत्र नसीम, निवासी ग्राम पूरणपुर साल्हापुर, धारा 353, 504, 506 भादवि में काफी समय से फरार था। रानीपुर पुलिस टीम ने न्यायालय से प्राप्त वारंट के आधार पर आरोपी को उसके घर ग्राम पूरणपुर से दबोच लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार, कां. जयदेव शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, वारण्टी को जल्द न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### मंशा देवी व चंडी देवी मंदिरों के लिए नई पुलिस चौकियों का गठन

**हरिद्वार।** धर्मनगरी के प्रमुख तीर्थ स्थलों मां मंशा देवी और मां चंडी देवी मंदिर में भीड़ प्रबंधन, यात्री सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बड़ा कदम उठाया है। आदेश के तहत दोनों मंदिर परिसरों में नई पुलिस चौकियों (आउट पोस्ट) का सृजन किया गया है। इन चौकियों पर प्रभारी सहित पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि दोनों आउट पोस्ट की पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी एसपी सिटी पंकज गैरोला को सौंपी गई है। आउट पोस्ट चौकी मां मंशा देवी में 1 उपनिरीक्षक, 1 हेड कांस्टेबल, 2 होमगार्ड, 1 सशस्त्र गार्द व आउट पोस्ट चौकी मां चंडी देवी में 2 हेड कांस्टेबल, 1 कांस्टेबल, 2 होमगार्ड, 1 महिला होमगार्ड तैनात होगे। पुलिस का कहना है कि यह व्यवस्था त्योहारी सीजन और भारी भीड़ के समय यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगी।

### चोरी-लूट की साजिश नाकामः ग्रामीणों ने चोरों को घेरकर पकड़ा

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम बौंगला में ग्रामीणों की सतर्कता से चोरी व लूट की एक बड़ी वारदात टल गई। बीती रात गांव में पहरा दे रहे ग्रामीणों ने संदिग्ध व्यक्ति को घेरकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को डॉ. आकाश चौहान, अंशुल चौहान और सुशांत चौहान ने एक संदिग्ध युवक को पकड़कर थाना बहादराबाद पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए युवक की पहचान रोबिन कटारिया (19 वर्ष) पुत्र बबलू कटारिया निवासी सहदेवपुर, थाना पथरी, हरिद्वार के रूप में हुई है, तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज तमंचा और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी किसी गंभीर आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर क्षेत्र में संदिग्धों व असामाजिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाई गई थी। थाना बहादराबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# टेम्पो बाइक की टक्कर में बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के डांडी चौक पर बीती रात लोडर टेम्पू ने बाइक सवार युवक को पीछे से मारी जोरदार टक्कर। टक्कर में घायल हुए बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार मंगलवार देरशाम पथरी के गांव नसीरपुर कला निवासी युवक शाकिब 22 वर्ष पुत्र तस्लीम बाइक पर सवार होकर बहादराबाद से अपने घर आ रहा था। पथरी के डांडी चौक पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार लोडर टेम्पू ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। टेम्पू चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने की सूचना पर पहुंच पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। चिकित्सकों ने बुधवार सुबह पुलिस को युवक की अस्पताल में मौत होने की सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में भिजवाया। रात में ही पुलिस ने मृतक युवक के पिता तस्लीम पुत्र असगर की तहरीर पर अज्ञात लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया लोडर छोटा हाथी से बाइक सवार को टक्कर मार दी थी जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अज्ञात लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बीएचईएल में देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ाना हम सब का दायित्वः नंदन कुमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बीएचईएल हरिद्वार में, स्कूली बच्चों के "देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं बीएचईएल हरिद्वार लेडीज क्लब की संरक्षिका श्रीमती नंदन कुमारी तथा विशिष्ट अतिथि बीएचईएल हरिद्वार के महाप्रबंधक एवं प्रमुख रंजन कुमार ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती नंदन कुमारी ने कहा कि इस तरह के देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से, न केवल बच्चों बल्कि बड़ों में भी राष्ट्र प्रेम की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि अभिभावक या शिक्षक के रूप में यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम इन बच्चों को, हर उस चीज के लिए प्रेरित करें, जिससे राष्ट्र के प्रति इनका लगाव और बढ़े। रंजन कुमार ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन बच्चों ने, देश प्रेम से ओत-प्रोत अपनी प्रस्तुतियों से हर किसी का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि बच्चों में देशप्रेम की भावना जगाना, उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में उपनगरी स्थित विद्यालयों जैसे कि बाल मन्दिर, विद्या मन्दिर, दिल्ली पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मन्दिर, गुरुनानक एकेडमी, शिवडेल स्कूल तथा सरस्वती विद्या मन्दिर के बच्चों की, मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी प्रतिभागी टीमों को श्रीमती नंदन कुमारी तथा रंजन कुमार ने पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, लेडीज क्लब की पदाधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, उनके अभिभावक तथा मीडिया कर्मी आदि उपस्थित थे। अपर महाप्रबंधक (टीएएक्स, सीएंडपीआर) संजय पंवार ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा श्रीमती ईरा गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रगान के साथ इस देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हुआ।

# हरिद्वार की धार्मिक छवि पर दाग : बस अड्डा, रेलवे स्टेशन और होटल बन रहे देह व्यापार के अड्डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** धर्मनगरी का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे तत्वों के खिलाफ हरिद्वार पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। कोतवाली नगर पुलिस टीम ने मंगलवार को बस अड्डा और रेलवे स्टेशन के आसपास औचक छापेमारी कर 4 महिलाओं को गिरफ्तार किया, जो राहगीरों को अश्लील इशारे कर अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं।

एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने रेलवे स्टेशन गेट नंबर 5 से आरोपित महिलाओं को रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तार महिलाओं में बिजनौर (उत्तर प्रदेश), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), पानीपत (हरियाणा) और रोशनाबाद (थाना सिडकुल, हरिद्वार) निवासी शामिल हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, स्थानीय व्यापारी और यात्री इस कार्रवाई से संतुष्ट नजर आए और पुलिस से ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाने की मांग की।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक हरिद्वार में इस समय 100 से अधिक महिलाएं ऐसे कृत्यों में संलिप्त हैं, जो न केवल सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर बल्कि शहर के कई होटलों में भी गुप्त रूप से इस अवैध धंधे को अंजाम दे रही हैं। यह नेटवर्क बाहर से आने वाले दलालों और होटल संचालकों की मिलीभगत से चल रहा है, जिससे शहर की धार्मिक छवि पर गहरा धब्बा लग रहा है। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि धर्मनगरी में जिस्मफरोशी से मुनाफा कमाने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर छापेमार अभियान चलाया जाएगा।

# साइबर सेल हरिद्वार की बड़ी सफलता

## 13.49 लाख की ठगी की रकम पीड़ित को लौटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** साइबर सेल हरिद्वार ने ऑनलाइन निवेश ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की 13.49 लाख रुपये की रकम वापस दिलाई। बहादराबाद पुलिस और साइबर सेल की लगातार कोशिश रंग लाई तो परिवार की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े उन्होंने एसएसपी प्र प्रमेन्द्र सिंह डोबाल का आभार जताते हुए हरिद्वार पुलिस की कार्यशाली की सराहना की। पीड़ित सुमित, निवासी सुनारों वाली गली, बहादराबाद, से ई-कॉमर्स एप्प हाई बॉक्स इंडिया फन शॉपिंग फॉर अर्निंग प्लेटफार्म के जरिए 14 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी।

घटना 27 अगस्त 2024 की है, जब पीड़ित ने थाना बहादराबाद में शिकायत दर्ज कराई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर साइबर सेल और थाना बहादराबाद की टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। मात्र ट्रांजेक्शन आईडी के आधार पर साइबर सेल टीम ने संबंधित पेमेंट गेटवे और खातों का पता लगाकर उन्हें फ्रीज कराया।

हालांकि, ठगों ने खाते फ्रीज होने से पहले रकम को अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिया था। संयुक्त टीम ने संदिग्ध खातों से जुड़े GST नंबर ट्रैक कर उन खातों को खोज निकाला और रकम को तुरंत होल्ड किया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूरी ठगी की रकम में से 13.49 लाख रुपये पीड़ित परिवार को लौटा दी गई। सुमित जायसवाल और उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई परिवार ने एसएसपी परमेन्द्र डोभाल को धन्यवाद दिया और इंस्पेक्टर नरेश राठौर एएसआई राकेश कुमार और साइबर सेल के हेड कांस्टेबल नीरज कुमार का विशेष आभार जताया।

# ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 एवं ऑपरेशन नई किरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** पुलिस ने बुधवार को गुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 और ऑपरेशन नई किरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम एसएसपी हरिद्वार के आदेशानुसार, मुख्यमंत्री धामी की पहल को साकार करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी छात्रों और लोगों को ड्रग्स फ्री देवभूमि उत्तराखंड 2025 की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने अवैध मादक पदार्थों के सेवन और नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही साइबर क्राइम से बचाव और ऑनलाइन ठगी के बारे में भी जागरूक किया। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि नशे के कारोबारियों की मदद करने वालों पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। उपस्थित युवाओं के साथ नशा करने वालों की काउंसलिंग, उन्हें सही राह पर लाने और नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस को देने पर चर्चा की गई। मौजूद सभी युवाओं और नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# संकल्प वेलफेयर सोसायटी ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** संकल्प वेलफेयर सोसाइटी की और से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक मे आयोजित रक्तदान शिविर में 58 लोगों ने भागीदारी की और 44 लोगों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर संकल्प वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रविश भटीजा ने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। बल्कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के प्राणों की रक्षा करता हैं। रक्तदान पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि आगे भी शिविर का आयोजन कर लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरुक किया जाएगा। ब्लड बैंक के डा.रविंद्र चौहान ने बताया की रक्तदान करने से कई स्वास्थ्य संबंधी कई लाभ होते है। जैसे ब्लड की नियमित जांच होती है। रक्त में आयरन की मात्रा कम होती है, कोलेस्ट्रोल का लेवल कम होता है। जो कि अच्छे स्वास्थ में सहायक सिद्ध होता है। पूर्व राज्यमंत्री संजय पालीवाल व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि रक्त दान करने से खुशी मिलती है और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। संजय पालीवाल व प्रदीप चौधरी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। रक्तदान करने वालों में रविश भटीजा, अंकित महेश्वरी, राहुल चौहान, प्रतीक नगरानी, रविंद्र नेगी, राव सलमान, रोहिल, राहुल शर्मा, जतिन हांडा, हितेश भटीजा, कमलेश डबराल, गगन अरोड़ा, नागेश तोमर, सुमित आहुजा, अभिषेक गुप्ता, शुभम अग्रवाल, सिद्धांत रावत, हिमांशु बहुगुणा, रिपुल, दिनेश कुकरेजा, ऋषि सरीन, जावेद, सुमित ठाकुर, मनीष धीमान, वंदना शर्मा, शिव कुमार, पंकज कोरी, कमल पाहवा, जगदीश चौधरी, महेंद्र शर्मा, दीपक राणा, राजीव गोस्वामी, नीरज सिंह, अंकित त्यागी आदि आदि शामिल रहे। इस अवसर पर हेमंत भाटिया, मनोज जाटव, टिंवकल, दीपक कपूर, अमन अंसारी, अनूप शर्मा, गर्वित, कृष्ण शर्मा, कुणाल, हरीश सेमवाल, रैना नैयर, बेबी सैनी, सतीश ठाकुर, अमित कुमार, रजनी चौधरी, मनोज चमोली, वर्णिका चौधरी, बेबी कुमार आदि उपस्थित रहे।

**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मैने अपना नाम नयाब जहाँ (NYAAB JAHAN) से बदल कर नायाब जहाँ (NAYAB JAHAN) पत्नी मौ परवेज ( MOHD PARVEJ) कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये। नायाब जहाँ पत्नी मौ परवेज निवासी म०न० 44, शेखपुरी, रुड़की, जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# नशे के खिलाफ बाइक रैली

## जिलाधिकारी व एसपी ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बागेश्वर में भव्य बाइक रैली व विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकालकर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने हेतु संदेश दिया। रैली को तहसील परिसर से जिलाधिकारी आशीष भटगाई व पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला मुख्यालय में पुलिस विभाग द्वारा भव्य बाइक रैली एवं विद्यालयी छात्र-छात्राओं द्वारा नशा उन्मूलन रैली का आयोजन किया गया। तहसील परिसर में जिला. धिकारी द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। तत्पश्चात रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगाई एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के ने तहसील



कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली मुख्य बाजार से होते हुए नुमाइशखेत मैदान में संपन्न हुई। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, पुलिस बल, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस कैडेट्स शामिल हुए। प्रतिभागियों ने नशा छोड़ो, जीवन संवारो, युवा शक्ति राष्ट्र की ताकत और स्वस्थ युवा, सशक्त भारत जैसे नारे लगाते हुए जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा, नशा न केवल व्यक्ति का भविष्य बर्बाद करता है बल्कि परिवार और समाज को भी तोड़ देता है। युवाओं को शिक्षा, खेल और रचनात्मक कार्यों की ओर प्रेरित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। हम सभी को मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि नशे को जड़ से खत्म करें, उन्होंने कहा इस रैली का आयोजन इस उद्देश्य से किया गया है कि समाज में नशा उन्मूलन का संदेश जन जन तक पहुंच सके। कार्यक्रम में सीईओ जीएस सोन, डीएसडब्ल्यूओ जसमीत कौर, सीओ अजय शाह, तहसीलदार निशा रानी, पूर्व रेडक्रॉस चेयरमैन संजय साह जगाती, दीप जोशी सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्रायें, एनसीसी कैडेट, पुलिस जवान आदि मौजूद रहे।

## नशामुक्त भारत अभियान की दिलाई शपथ

**अल्मोड़ा।** नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगाठ के अवसर पर बुधवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में मौजूद कार्मिकों को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने समाज में नशा मुक्ति की संस्कृति को बढ़ावा देने, युवाओं को नशे व नशे के दुष्प्रभावों से बचने के लिए शपथ दिलायी गयी। युवाओं व समाज को नशे के अंधकार से बचाने के लिए जवानों को नशामुक्त भारत अभियान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया। जनपद के समस्त थाना, चौकी व फायर स्टेशनों में संबंधित प्रभारियों द्वारा अधीनस्थ पुलिस बल व जनमानस को नशामुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। सीओ गोपाल दत्त जोशी, सीओ राजीव कुमार टम्टा, निरीक्षक एलआईयू मनोज भारद्वाज, निरीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में 'दीक्षारंभ'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय, बेतालघाट में शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरुआत पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ (छात्र प्रेरणा कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को महाविद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों, नई शिक्षा नीति-2020 और महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य को श्रेष्ठता की ओर ले जाती है और संस्कारों के साथ शिक्षा का समावेश ही सच्ची दीक्षा है। उन्होंने लघु कथा के माध्यम



से शिक्षा और संस्कारों की भूमिका स्पष्ट की। प्रवेश समिति संयोजक डा. इप्सिता सिंह ने एनईपी 2020 की पाठ्यक्रम संरचना व परीक्षा प्रणाली से छात्रों को अवगत कराया। अंग्रेजी विभाग प्रभारी डा. जयति दीक्षित, हिंदी एवं एनएसएस प्रभारी ममता पाण्डे, संस्कृत विभाग की डा. निर्मला तथा पुस्तकालय प्रभारी डा. फरजाना अजीम ने अपने-अपने विषयों से जुड़ी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. तरुण कुमार आर्य ने किया। अंत में निबंध व राखी प्रतियोगिता के विजेताओं और यूथ रेडक्रॉस (आरसी-वन) के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# कालाढूंगी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कालाढूंगी में देशभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला, जब नगर पालिका कर्मियों ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा रेखा कत्यूरा स्वयं तिरंगा झंडा हाथ में लेकर यात्रा में शामिल हुई और लोगों को हहर घर तिरंगाह्न अभियान का संदेश दिया। यात्रा की शुरुआत नगर पालिका कार्यालय से हुई, जहां सभी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक एकत्रित हुए। सभी के हाथों में तिरंगे लहरा रहे थे और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई विभिन्न बाजार क्षेत्रों से गुजरी। नगर पालिका अध्यक्षा रेखा कत्यूरा ने यात्रा के दौरान कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक सरकारी पहल नहीं है, बल्कि यह हम सभी के लिए गर्व और एकता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करें। इस मौके पर नगर पालिका ईओ अभिनव कुमार, सभासद रोहित बुधलाकोटी, सुमन अधिकारी, सरवर अली, नसीम जहां, सईद अहमद, हरीश मेहरा, चंद्रा टम्टा, मनोज अधिकारी सहित भूपाल बोरा, नवीन, गौरव आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वितीय, बरेली।**

मूलवाद सं0-474/2016

अख्तर हुसैन पुत्र श्री अहमद हुसैन, निवासी पशुपति बिहार जगतपुर लाला बेगम निकट बीसलपुर चौराहा, तहसील व जिला बरेली।

**बनाम**

1- श्रीमती जमीलन पत्नी श्री अहमद हुसैन निवासी मो0 नई बस्ती निकट अलाउद्दीन सेठ, तहसील नवाबगंज जिला बरेली। 2-आशुतोष कुमार पाण्डेय पुत्र बृज नन्दन प्रसाद पाण्डेय निवासी बी-3/15 विनय खण्ड-3 गोमती नगर तह0 व जिला लखनऊ। 3-साबिर हुसैन पुत्र स्व0 अहमद हुसैन निवासी केन्द्रीय विद्यालय आई0एम0ए0 टीचर्स कॉलोनी देहरादून।

चूंकि मुसम्मी श्री अख्तर हुसैन ने आपके नाम एक नालिश वास्तें स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 22.08.2025 को असालतन या मार्फत किसी बकील के जो हालात मुकदमा से वाखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज बतारीख 19/7/2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वितीय, बरेली।

# सात लोगों को दो-दो साल की सजा

**अल्मोड़ा।** मारपीट के एक मामले में सिविल जज जूडि भिकियासैंण की अदालत ने फैसला सुनाया है। मामले में न्यायालय ने आरोपी, उसकी पत्नी, दो बेटों, दो भाई और एक अन्य पर दोष सिद्ध करते हुए दो-दो साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पीड़ित को एक लाख रुपये जुर्माना के तौर पर देने के आदेश दिए हैं। सहायक अभियोजन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि मई 2022 मछोड़ निवासी, सुनील कुमार ने 30 मई को तहरीर सौंपी थी। तहरीर में कहा था कि 25 मई को उसके पिता गिरीश चंद्र के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की थी। आरोपी नंद राम, उसकी पत्नी मना देवी, पुत्र जगदीश राम, त्रिलोक राम के अलावा लाखन व रवि पुत्र शेरी राम और दीपक ने उनका हाथ और पांच तोड़ दिया था। शरीर में भी गंभीर चोट आ गई थी। उन्हें उपचार के लिए रामनगर में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी हालत गंभीर बनी रही। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर अदालत ने आरोपियों पर दोष सिद्ध करते हुए सात लोगों को दो दो साल सश्रम कारावास व एक लाख रुपये पीड़ित को जुर्माने के तौर पर अदा करने के आदेश दिए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहारादून**

पत्र सं० 506 / सम्पत्ति नामान्तरण/कर अनुभाग / 2025-26 दिनांक-12/6/2025

**इश्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि कि शहनवाज अन्सारी पुत्र गुल्फाम अली द्वारा इस आशय का कार्यालय नगर पालिका में दिनांक 14.07.2025 को नामन्तरण सम्बन्धी आवेदन पत्र दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के गृहकर अभिलेखों में सम्पत्ति संख्या 81 स्थित वार्ड संख्या 01 में शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं विक्रय-विलेख, के आधार पर उनके नाम दर्ज किया जाये। नगर पालिका अभिलेखों में सम्पत्ति सं० 81 स्थित वार्ड 01 में कि शहनवाज अन्सारी पुत्र गुल्फाम अली का नाम दर्ज होने पर जिस संस्था/व्यक्ति को आपत्ति हो तो, वह इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेजों के साथ कार्यालय में दे सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**

## ऐतिहासिक नंदा देवी मेले में दिखेगी संस्कृति की झलक

**अल्मोड़ा।** ऐतिहासिक नंदादेवी मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। आगामी 27 अगस्त हो मेले का आगाज होगा और तीन सितंबर को समापन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक तारा चंद्र जोशी ने बताया कि मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अन्य आयोजनों को लेकर रोस्टर बना लिया गया है। बताया कि कुमांऊ की संस्कृति को सजोने के लिए मेले में ऐपण, मेहंदी, विद्यालयी कला प्रतियोगिता होगी। प्रत्येक वार्ड और ग्राम सभा से दस-दस सदस्यीय टीमें झोड़ा प्रस्तुत करेंगी। महिलाओं की ओर से स्वांग प्रस्तुतिकरण आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रतिभाओं को उभारने को कुमाउनी, हिंदी गायन और नृत्य प्रतियोगिता होगी। इसके ऑडिशन 16 अगस्त को सुबह 11 बजे होंगे।

**राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखण्ड**
A1, आई0टी0 पार्क सहस्त्रधारा रोड, देहरादून-248013
ई-मेल: ceo-shauk@uk.gov.in

पत्रांक रा०स्वा० प्रा०/2025-26/भवन किराया निविदा/10/526 दिनांक 13 अगस्त 2025

**निविदा सूचना**

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखण्ड के कार्यालय उपयोग हेतु न्यूनतम 12000-15000 वर्गफुट भवन किराये हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा दस्तावेज https://sha.uk.gov.in पोर्टल पर दिनांक 14 अगस्त 2025, प्रातः 11:30 बजे से उपलब्ध होंगे, निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 28 अगस्त 2025 सायं 3:00 बजे तक निर्धारित है। इस विषय में किसी भी प्रकार के परिशिष्ट/ संशोधन/निरस्तीकरण की सूचना विभागीय वेबसाइट https://sha.uk.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। किसी अन्य जानकारी हेतु, निविदादाता किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे के बीच कार्यालय, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखण्ड से संपर्क कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखण्ड**

## भाजपा ने तलाश लिया हेमलता का विकल्प

**बागेश्वर।** जिले में पंचायत चुनाव के अंतिम चरण निकट आ चुके हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाकों में ब्लाक प्रमुख के चुनाव के लिए लगभग पूरी तैयारियां हो चुकी हैं। मतगणना के बाद आए परिणाम व जिला पंचायत में आरक्षण तय होने के बाद से जिले में राजनीति माहौल दिन प्रतिदिन बदलते जा रहा है। इस बीच भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी हेमलता का अचानक से अज्ञातवास में चले जाना काफी सुर्खियों में रहा है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी राजिस्ट्री के मुल दस्तावेत कहीं गुम हो गये है जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 2970 दिनांक 15.08.1998 सब रजिस्ट्रार देहरादून में पंजीकृत है साथ में आधार कार्ड व बैंक की पास बुक खो गई है।

श्री अनुराग नरूला पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार नरूला निवासी गर्ल्स पी0 जी0 हाउस, डी0बी0एस0 कॉलेज के पीछे,अटकफार्म खेरी, देहरादून उत्तराखण्ड।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहारादून**

पत्र सं० 505 / सम्पत्ति नामान्तरण/कर अनुभाग / 2025-26 दिनांक-12/6/2025

**इश्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मौ० फरमान पुत्र श्री मतलूब हसन निवासी, वार्ड नं0 16 तेलीवाला डोईवाला जिला देहरादून द्वारा इस आशय का कार्यालय नगर पालिका में दिनांक 11.07.2025 को नामन्तरण सम्बन्धी आवेदन पत्र दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के गृहकर अभिलेखों में सम्पत्ति संख्या 33 स्थित वार्ड संख्या 01 शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं विक्रय पत्र, के आधार पर उनके नाम दर्ज किया जाये।

नगर पालिका अभिलेखों में सम्पत्ति सं० 33 में एक दुकान (बिना छत के अधिकार के) स्थित वार्ड नं0 01 में मौ० फरमान पुत्र मतलूब हसन के नाम दर्ज होने पर जिस संस्था/व्यक्ति को आपत्ति हो तो, वह इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेजों के साथ कार्यालय में दे सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**

# जिपं व ब्लॉक प्रमुख की आज तय होगी जीत

**कालाढूंगी।** लंबे इंतजार के बाद आज 14 अगस्त को प्रदेश भर में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख पदों के लिए मतदान होगा। इसी के साथ यह भी तय हो जाएगा कि जिले को नया जिला अध्यक्ष कौन मिलेगा और विभिन्न ब्लॉकों की कमान किसके हाथ में जाएगी। पंचायत चुनाव समाप्त होने के बाद से ही इन पदों को लेकर जोड़-तोड़ की राजनीति जोरों पर थी। सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष, दोनों ही अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास में जुटे रहे। इस दौरान कई क्षेत्रों से क्षेत्र पंचायत सदस्यों और जिला पंचायत सदस्यों के कथित अपहरण की खबरें भी सामने आई, जिससे चुनावी माहौल तनावपूर्ण बन गया। कई प्रत्याशियों ने सदस्यों को अपने साथ ठहराया तो वहीं उनके परिजनों ने थानों में गुमशुदगी व अपहरण की रिपोर्टें दर्ज कराईं। अब जब वोटिंग का दिन आ गया है, पूरे जिले की नजरें इस चुनाव परिणाम पर टिकी हैं कि किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा। कोटाबाग ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से मनीषा जंतवाल मैदान में हैं, वहीं कांग्रेस समर्थित चित्रा बिष्ट भी अपनी दावेदारी पेश कर रही हैं। ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए गीता तिवारी और राहुल पंत के बीच मुकाबला है, जबकि कनिष्ठ प्रमुख पद के लिए मिनिता जोशी और अपूर्वा बिष्ट आमने-सामने हैं।

**ZILASAHKARI BANK LTD. HARIDWAR**
**जिला सहकारी बैंक ल० हरिद्वार**
प्रधान कार्यालय : बी.टी. गंज, रूड़की (हरिद्वार)
E-mail:zsb.haridwar@yahoo.com
GST NO- 05AAAZ0026H2Z7

पत्रांक: 640/विकास/सरफेसी/2025-26 दिनांक: 13.08.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सिक्योरिटीजाइजेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (2002 का एक्ट नं. 54) तथा सिक्यरोरिटी इंटरेस्ट इनफोर्समेंट नियम 2002 के नियम 3 के नियमानुसार साथ पढते हुए अनुच्छेद 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सहकारी बैंक लि. हरिद्वार के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी को 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस को जारी किया था। ऋणी द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणी/गारंटरों/स्वामी और जनसामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता (ओं) का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों कव मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है" ऋणी/गारंटरों/स्वामी को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पति कव सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन-देन न करें इस सम्पति से किसी प्रकार का लेन-देन जिला सहकारी बैंक लि. हरिद्वार सम्बन्धित शाखा को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज व खर्चों के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

| शाखा/ऋणी/गारण्टर के नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि कब्जा नोटिस की तिथि | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि/लोन खाता सं0/ऋण का प्रकार |
|---|---|---|---|
| शाखा-सुल्तानपुर श्रीमती राखी पत्नी श्री जसविन्दर सिंह ग्राम टिक्कमपुर, पो0 सुल्तानपुर, जिला हरिद्वार **सहऋणी** श्री जसविन्दर सिंह पुत्र श्री राज सिंह ग्राम टिक्कमपुर, पो0 सुल्तानपुर, जिला हरिद्वार **01 जमानती** श्रीमती मीनाक्षी पत्नी श्री उदय सिंह ग्राम टिक्कमपुर, पो0 सुल्तानपुर, जिला हरिद्वार **02 जमानती** श्री अजय कुमार पुत्र श्री मीर सिंह ग्राम टिक्कमपुर, पो0 सुल्तानपुर, जिला हरिद्वार | भूमि और भवन का साम्यिक बंधक दानपत्र सं0 8112 दिनाक 15.12.2011 बही सं0 01 जिल्द सं0 2063 पृ0 सं0 191 से 202 तक एक भूखण्ड जिसकी पैमाइश पूरब में 25 फीट, पश्चिममें 25, उत्तरमें 35 फीट तथा दक्षिण में 34 फीट कुल क्षेत्रफल 875 वर्गफुट याने 81.31 वर्गमीटर खसरा नं0 मी0 स्थित ग्राम टिक्कमपुर मूल आबादी परगना ज्वालपुर तहसील व जिला हरिद्वार जिसको प्रथम पक्ष ने अपनी पुत्री अर्थात द्वितीय पक्ष को दान किया है। (पंजीकृत बिकी विलेख के अनुसार) | मांग नोटिस की तिथि 21.02.2023 कब्जा नोटिस की तिथि | रू0 5,47,208/- तथा आगणित किया जाने वाला ब्याज+अन्य खर्चे लोन खाता संख्या : 001619004100013 भवन ऋण |
| शाखा-सुल्तानपुर श्री चन्द्रभान पुत्र श्री रतिराम, ग्राम प्रतापपुर, पो खानपुर ब्रहमपुर जिला-हरिद्वार **01 जमानती** श्री दीपक कुमार पुत्र श्री गणेश, ग्राम प्रतापपुर, पो खानपुर ब्रहमपुर जिला-हरिद्वार **02 जमानती** श्री अवनीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण चन्द्र, ग्राम प्रतापपुर, पो खानपुर ब्रहमपुर जिला-हरिद्वार | एक आवासीय भूखण्ड बही नं0 01, जिल्द सं0 2741 पृष्ठ 321 से 326 क्रमांक 6920 दिनाँक 29.12.2017 है। कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफिट यानि 83.64 वर्गमीटर **सीमाएँ:** पूरब में रास्ता, पश्चिम में ओमपाल का घर, उत्तर में संजय का मकान तथा दक्षिण में रतन का घर खसरा नं० 126 स्थित ग्राम प्रतापपुर परगना ज्वालापुर तहसील लक्सर जिला हरिद्वार। (पंजीकृत बिक्री विलेख के अनुसार) | मांग नोटिस की तिथि 21.02.2025 कब्जा नोटिस की तिथि | रू0 1,37,952/- तथा आगणित किया जाने वाला ब्याज+अन्य खर्चे लोन खाता संख्या : 001619037100044 भवन ऋण |
| शाखा-सुल्तानपुर श्रीमती मिला पत्नी श्री आनन्द, ग्राम फतवा, पो भोगपुर परगना ज्वालापुर, त० लक्सर जिला-हरिद्वार **01 जमानती** श्री रकम सिंह पुत्र श्री मुखराज, ग्राम फतवा, पो भोगपुर परगना व त० ज्वालापुर जिला-हरिद्वार **02 जमानती** श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र, ग्राम फतवा, पो भोगपुर परगना व त० ज्वालापुर जिला-हरिद्वार | भूमि और भवन का साम्यिक बंधक विक्रय पत्र सं0 1814 दिनांक 16.03.2018, बही सं0 01 जिल्द सं0 2803 पृ0 सं0 55 से 72 क्रमाँक 1814 दिनाँक 16.03.2018, **सम्पत्ति विवरण:** एक किता आवासीय भूमि भूखण्ड जिसकी पैमाइश पूरब से पश्चिम 30 फिट उत्तर से दक्षिण 40 फिट कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट यानि 111.6 वर्गमीटर हैं। **सीमाएँ:** पूरब में सत्यपाल का मकान पश्चिम में सोमपाल का मकान उत्तर में 12 फिट चौड़ा रास्ता दक्षिण में लटूर का मकान मुतालिका खसरा नं० 95मि० का जुज भाग है स्थित ग्राम फतवा, पो भोगपुर परगना ज्वालापुर, त० लक्सर जिला-हरिद्वार (पंजीकृत बिकी विलेख के अनुसार) | मांग नोटिस की तिथि 21.02.2025 कब्जा नोटिस की तिथि | रू0 4,82,434/- तथा आगणित किया जाने वाला ब्याज+अन्य खर्चे लोन खाता संख्या : 001619004100021 भवन ऋण |
| शाखा-सुल्तानपुर श्री मोहित कुमार पुत्र श्री प्रमोद कुमार, ग्राम अलावलपुर, पो भिक्कमपुर जीतपुर, त० लक्सर जिला-हरिद्वार **सह आवेदक** श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री चतर सिंह, ग्राम अलावलपुर, पो भिक्कमपुर जीतपुर, त० लक्सार जिला-हरिद्वार **01 जमानती** श्रीमती पवित्रा पत्नी श्री उमानन्द, ग्राम अलावलपुर, पो भिक्कमपुर जीतपुर, त० लक्सर जिला-हरिद्वार **02 जमानती** गुलशाना पुत्री श्री शराफत, ग्राम व पो० सुल्तानपुर आदमपुर, त० लक्सर, जिला-हरिद्वार | भूमि और भवन का साम्यिक बंधक विक्रय पत्र स0 29 दिनाक 02.01.2018, बही स0 01 जिल्द सं0 2745 पृष्ठ सं0 211 से 228 क्रमाँक 29 दिनाँक 02.01.2018. **सम्पति विवरण:** एक किता आवासीय खाली भूमि जिसकी पैमाइशी पूरब की ओर 50 फीट, पश्चिम मे 50 फीट, उत्तर मे 36 फीट तथा दक्षिण मे 36 फीट है जिसका कुल क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट यानी 167.4 वर्गमीटर जिसकी **सीमाएँ:** पूरब में विनोद कुमार की भूमि, पश्चिम में 12 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर में रास्ता 10 फीट चौड़ा, दक्षिण में प्रमोद की खाली भूमि मुतालिका खसरा नं० 411 का जूज भाग है। स्थित ग्राम मुसाहिदपुर माजरी परगना ज्वालापुर तहसील लक्सर जिला हरिद्वार। (पंजीकृत बिकी विलेख के अनुसार | मांग नोटिस की तिथि 21.02.2025 कब्जा नोटिस की तिथि | रू0 4,71,436/- तथा आगणित किया जाने वाला ब्याज+अन्य खर्चे लोन खाता संख्या : 001619004100018 भवन ऋण |
| शाखा-मंगलौर **ऋणी** आरोग्य स्वस्थ मिशन ट्रस्ट, प्रो० श्री कन्हैया पुत्र शीशपाल, मोहल्ला खलाशा मंगलौर जिला-हरिद्वार **01 जमानती** श्री खुर्शीद आलम पुत्र श्री मकसूद हुसैन, 438/गली नं.01 भारत नगर बन्दा रोड़ रूड़की जिला-हरिद्वार **02 जमानती** श्री अफजल पुत्र श्री अब्दुल हक, ग्राम सलेमपुर महदूद, रूड़की जिला-हरिद्वार | भूमि और भवन का साम्यिक बंधक विक्रय पत्र सं0 1187 दिनांक 21.12.2017, चक संख्या 1035 के गाटा संख्या 1497,1498,1499,1500,1520,1521 व 1522 के कुल सात किते कुल रकबई 0.1479 हे० जमीन आवासीय प्लॉट, बही सं0 01, जिल्द सं0 3933, पृष्ठ सं0 263 से 288 तक जिसकी **सीमाएँ:** पूरब में क्रेता कन्हैया भूमि, पश्चिम में रहतू का खेत, उत्तर मे जैन का बाग तथा दक्षिण में रास्ता 15 फुट चौड़ा कुल क्षेत्रफल 15914.04 वर्गफुट यानि 1479 वर्गमीटर जो कि मौहल्ला मंगलौर परगना मंगलौर, तहसील रूड़की जिला हरिद्वार।(पंजीकृत बिकी विलेख के अनुसार) | मांग नोटिस की तिथि 12.02.2025 कब्जा नोटिस की तिथि | रू0 6,03,030.56/- तथा आगणित किया जाने वाला ब्याज+अन्य खर्चे लोन खाता संख्या : 000315029100002 सी0सी0बी0टी0 ऋण |
| शाखा-मंगलौर **ऋणी** श्री आसुतोष पुत्र श्री सतीश कुमार, ग्राम मुण्डेट, मंगलौर त. रूड़की, जिला हरिद्वार **01 जमानती** श्री अजय कुमार पुत्र श्री मोल्हड, ग्राम मुण्डेट, मंगलौर त. रूड़की, जिला हरिद्वार **02 जमानती** श्री पवन कुमार पुत्र श्री विजय लाल, ग्राम मुण्डेट, मंगलौर त. रूड़की, जिला हरिद्वार | भूमि और भवन का साम्यिक बंधक एक किता आवासीय खाली प्लॉट जिसकी पैमाशी पूरब में 21.25 फीट, पश्चिम में 21.25 फीट, उत्तर में 69. 17 फीट तथा दक्षिण में 69.17 फीट जिसका कुल क्षेत्रफल 1470 वर्गफीट यानी 136.617 वर्गमीटर है जिसकी **सीमाएँ:** पूरब में आम रास्ता लगभग 20 फीट चौड़ा, पश्चिम में शेष भूमि विक्रेता, उत्तर में खेत त्यागी जी व दक्षिण में प्लॉट विक्रेता। सम्बन्धित वर्ष खतौनी 1422 से 1427 फसली वर्ष के अनुसार खाता सं० 86 क खसरा नं० 101/102/1 मि० का भाग स्थित मौजा ग्राम मुण्डेट, मंगलौर त. रूड़की, जिला हरिद्वार। (पंजीकृत बिकी विलेख के अनुसार) | मांग नोटिस की तिथि 12.02.2025 कब्जा नोटिस की तिथि | रू0 7,96,476/- तथा आगणित किया जाने वाला ब्याज+अन्य खर्चे लोन खाता संख्या : 000319004100012 भवन ऋण |
| शाखा-खानपुर **ऋणी** दुर्गा एन्टरप्राइजेज, प्रो. श्री बिजेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम किशन, ग्राम खानपुर,तहसील लक्सर, जिला-हरिद्वार **01 जमानती** श्री योगेन्द सिंह पुत्र श्री चतरू, ग्राम तुगलपुर, पो. खानपुर, तहसील लक्सर जिला-हरिद्वार **02 जमानती** श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री धर्मपाल, ग्राम तुगलपुर, पो. खानपुर, तहसील लक्सर जिला-हरिद्वार | भूमि और भवन का साम्यिक बंधक एक किता आवासीय खाली प्लॉट जिसकी पैमाइश 5 बिस्वा पूरब में 52.6 फीट, पश्चिम में 52.6 फीट, उत्तर में 35 फीट तथा दक्षिण में 35 फीट जिसका कुल क्षेत्रफल 1837.5 वर्गफीट यानी 170.89 वर्गमीटर है, भूमि खसरा नं० 269 ग्राम खानपुर का जूज भाग है बही नं० 01 जिल्द नं० 906 के पृष्ठ 383 से 410 मे क्रमाक 3195पर रजिस्ट्रीकृत है। जिसकी **सीमाएँ:** पूरब में विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम में ललित की भूमि, उत्तर में सड़क पुख्ता खानपुर मार्ग व दक्षिण में विक्रेता की शेष भूमि। स्थित भूमि ग्राम खानपुर, परगना गोवर्धनपुर त. लक्सर, जिला हरिद्वार। (पजीकृत बिकी विलेख के अनुसार) | मांग नोटिस की तिथि 30.01.2023 कब्जा नोटिस की तिथि | रू0 5,67,315/- तथा आगणित किया जाने वाला ब्याज+अन्य खर्चे लोन खाता संख्या : 001215029100005 सी0सी0बी0टी0 ऋण |

प्राधिकृत अधिकारी,
जिला साहकारी बैंक लि० हरिद्वार।

# गौलापार हत्याकांड को लेकर आक्रोश

## सीबीआई जांच के लिए अमित के परिवार ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार में बीते दिनों हूई मासूम अमित की हत्या मामले में पुलिस ने भले ही आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया हो लेकिन परिजन इस खुलासे से नाखुश हैं और सीबीआई जांच की मांग कर रहे है। इसी मांग को लेकर परिजनों का तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में बुधवार तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। जिसके बाद परिजनों ने तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क से बड़ी संख्या में आक्रोश रैली निकालते हुए एसडीएम कोर्ट पहुंचे। बुधवार को जन एकता पार्टी के अध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में यह लगातार तीसरे दिन जारी धरना प्रदर्शन में महिलाओं सहित मृतक के परिजन और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। तिकोनिया से शुरू हुई रैली एसडीएम कोर्ट तक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और पुलिस जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग दोहराई।

मृतक अमित के पिता ने सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा और पुलिस की इस जांच पर कई बिंदुओं पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई से वें संतुष्ट नहीं हैं। वहीं, मृतक की मां और बहन ने आरोप लगाया कि हत्या में एक से अधिक लोग शामिल हैं और पुलिस पूरे मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम कोर्ट परिसर में करीब एक घंटे तक धरना देते हुए जल्द सीबीआई जांच शुरू कराने की मांग की। प्रदर्शन व रैली में नानक चंद, राहुल मौर्य, अंकित मौर्य, अनिल कुमार सिंह, राजा बाबू, रवि, आर्येंद्र शर्मा, सुशील मौर्य, पूनम देवी,



सुनीता देवी, बबली, डॉली, लक्ष्मी, दीक्षा, अनुराधा, उर्मिला मौर्या, पवन कुमार, प्रदीप कश्यप, आरती, शिवानी, जशोदा, पुष्पा, कमला, किशोरी, बीना समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

## लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों को बर्खास्त किया जाए, भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अमित हत्याकांड की सीबीआई जांच और इंसाफ की मांग को लेकर धरना दे रहे पीड़ित परिजनों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों की बर्खास्त कर कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को भाजपा मछुवारा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेन्द्र कश्यप ने एसडीएम राहुल शाह के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजे ज्ञापन में भाजपा मछुवारा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेन्द्र कश्यप ने कहा कि बीते 4 अगस्त को गौलापार खेड़ा में बटाई का काम करने वाले खूबकरन मौर्या के दस साल के बेटे अमित को अगवा कर उसकी तंत्र-मंत्र



के चलते उसकी हत्या कर दी। उसका शव पास ही स्थित निखिल जोशी के घर के पीछे आम के पेड़ के नीचे गड्ढे में दफनाया गया और मासूम का सिर व हाथ काट कर पास ही स्थित गाय के घोट के पास दबा मिला जिसे पुलिस ने पांच दिन बाद बरामद किया। उन्होंने कहा इस मामले में पुलिस ने निखिल जोशी को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन परिजन इस खुलासे से नाखुश हैं। उन्होंने कहा यह हत्या तंत्र मंत्र के चलते हुई है इसमे जो और लोग भी शामिल है उन्हे गिरफ्तार किया जाए और इस मामले की सीबीआई जांच की जाए जिससे पीड़ित परिवार वालों को इंसाफ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि इस जब पीड़ित परिवार इंसाफ की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहा था तब पुलिस कर्मियों द्वारा पीड़ित परिवारों पर लाठियां भांजी गयीं, जो निंदनीय है, ऐसे पुलिस कर्मियों को बर्खास्त कर उन पर कार्यवाही की जानी चाहिए, और पीड़ित परिवार को आथिक मुआवजा भी दिया जाये। ज्ञापन देने वालों में भाजपा ओबीसी मोर्चे के जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप, जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला महामंत्री वीरेंद्र जायसवाल, नगर अध्यक्ष महेश साहू, जयसवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवार, जानकी प्रसाद कश्यप, योगेंद्र साहू, रोहित मौर्य, कृष्ण पाल मौर्या, मनोज कश्यप, सुशील साहू, ओम प्रकाश साहू आदि मौजूद रहे।

## ज्योति मेर हत्याकांड एसएसपी को हटाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** योगा ट्रेनर ज्योति मेर की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस की लापरवाही और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही एसएसपी को हटाने की मांग को लेकर पहाड़ी आर्मी संगठन ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा।

बुधवार को पहाड़ी आर्मी के महानगर अध्यक्ष फौजी भुवन पांडे के नेतृत्व में दर्जनों लोग एसडीएम कोर्ट में एकत्र हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्होंने एसडीएम राहुल शाह के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि बीती 31 जुलाई को ज्योति मेर की हत्या उसके जेके पुरम स्थित कमरे में कर दी गई थी, मगर पुलिस ने इसे आत्महत्या बताकर मामले को दबाने की को. शिश की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर साफ हो गया कि यह सुनियोजित हत्या थी, इसके बावजूद अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। जब परिजन और पहाड़ी आर्मी के कार्यकर्ता योगा सेंटर के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे, तो पुलिस ने ज्योति की बूढ़ी मां को सड़क पर घसीटा और कार्यकर्ताओं को गाड़ी से धक्का मारकर कोतवाली ले जाया गया। उन्हें मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। जिसके बाद 8 अगस्त को पहाड़ी आर्मी के अध्यक्ष हरीश रावत व मृतका के परिजनों के साथ एसपी सिटी से मिलने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें कॉलर पकड़कर घसीटा और कोतवाली में दो घंटे तक नजरबंद रखा।

उन्होंने आरोप लगाया कि कोतवाल ने एसएसपी के आदेश पर उन्हें और वहां मौजूद महिलाओं को अश्लील गालियां दीं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि योगा ट्रेनर ज्योति मेर के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाये और एसएसपी को यहां से हटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि एसएसपी को हटाया नहीं गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में मोहन कांडपाल, राजेंद्र कांडपाल, सूबेदार मेजर दिनेश जोशी, फौजी कमलेश जेठी, विनोद नेगी, दीपा पांडे, गोकुल मेहरा, दीपक चंद गोस्वामी, कैलाश डालाकोटी, पवन सिंह जाला, हेमा कबडवाल, गीता, बबीता जोशी, कंचन रौतेला, मदन लोहिया, भावना, नीमा बिष्ट, मोंटी बोहरा, हरेंद्र राणा, विजय भंडारी मौजूद रहे।

## जंगली मशरूम की सब्जी खाने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जंगली मशरूम खाने से हो रही मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा क्षेत्र से सामने आया है, जहां जंगली मशरूम की सब्जी खाने से एक मजदूर महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से पलियाकला लखीमपुर खीरी यूपी निवासी शिवलाल और उनकी 23 वर्षीय पत्नी प्रिया देवी लमगड़ा में रहकर मजदूरी करते थे। पुलिस के अनुसार बीते 7 अगस्त को शिवलाल जंगल से मशरूम लेकर आया था।

प्रिया ने रात के भोजन में मशरूम की सब्जी बनाई और दोनों ने साथ बैठकर खाना खाया। खाना खाने के कुछ ही देर बाद दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी। पहले उन्हें अल्मोड़ा के अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति में उन्हें हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार की रात्रि उपचार के दौरान प्रिया देवी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, शिवलाल की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है।

### करंट से बच्ची की मौत

**हल्द्वानी।** घर की छत पर खेल रही एक बच्ची को करंट लग गया। आनन फानन में उसे सुशीला तिवारी लाया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार भीमताल क्षेत्र के संगुडी गांव में रहने वाले रिलशाद खान परिवार के साथ रहता है। बताया जा रहा कि रिलशाद खान की छह वर्षीय बेटी सनिका बीते मंगलवार को घर की छत पर खेलन रही थी तभी छत पर पड़े बिजली की तार से उसे करंट लग गया। करंट लगते ही मासूम छत पर अचेत पड़ गई। आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परि. जनों के सुपुर्द कर दिया।

## घर में घुसकर नकाबपोश लोगों ने की तोड़फोड़

**हल्द्वानी।** बीमार सास ससुर ने अपनी बहू और उसके परिजनों पर मारपीट सहित कई गंभीर आरोप लगाए है। एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोनकर फार्म शिवालिक कॉलोनी तीनपानी निवासी विद्या देवी (68) पत्नी राजाराम (74) ने एसएसपी पीएन मीणा को सौंपे गए शिकायत पत्र में कहा कि उनकी बहूचन्द्रा आर्य और उसके परिवार वाले बीते 15 जुलाई को नकाब पहन कर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने घर का गेट तोड़कर बाउंड्रीवाल लांघी और घर में घुसकर पत्थर फेंके, सीसीटीवी कैमरे और खिड़कियों को तोड़ा। जिसके बाद उन्होंने हमसे मारपीट व गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। इस घटना में चन्द्रा आर्य के साथ उनकी मां सरूली देवी, बहनें लता और पूजा, सुनीता व अन्य परिवार के लोग शामिल थे। आरोप है कि उनके पति-पत्नी और अन्य परिचित भी घटना में मदद कर रहे थे। शिकायत में यह भी कहा कि बहू व पुत्र अनुराग भारतीय के बीच वैवाहिक विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद, आरोपी परिवार वरिष्ठ नागरिकों के घर पर अवैध कब्जा बनाकर और नाटक कर पड़ोसियों व प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। पीड़ितों ने घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी थी।

# आर्यसमाज में वेद प्रचार का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आर्यसमाज परिसर में यज्ञ के साथ वेद प्रचार कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यज्ञ में मुख्य यजमान आर्यसमाज के प्रधान डा. विनय ममता खुल्लर, अविनाश उपमा सेठी, एसपी अरोरा एवं शशि अरोरा रहे। कार्यक्रम के 'ब्रह्मा' के रूप में आचार्य सानंद ने कहा कि प्रभु ने मनुष्य को सहृदय, सुंदर मन और अविद्वेषी बनाया है। जो व्यक्ति सत्य, स्वाध्याय और निष्काम कर्म के मार्ग पर चलता है, वही सहजता से प्रभु के साक्षात्कार को प्राप्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य का जीवन अनेक पुण्यों के फलस्वरूप मिलता है। इसे राग, द्वेष, ईर्ष्या, मद आदि से अछूता रखते हुए सात्विक विचारों और कर्मों द्वारा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की सिद्धि प्राप्त करना ही जीवन



की सार्थकता है। इस अवसर पर बिजनौर से पधारे भजनोपदेशक मोहित शास्त्री ने प्रभु भक्ति से ओतप्रोत सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रोता भावविभोर हो उठे। डा. विनय खुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम आज बुधवार से 17 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। प्रात: कालीन सत्र आर्यसमाज परिसर में होंगे, जबकि सायं कालीन सत्र विभिन्न परिवारों के निवास स्थानों पर संपन्न होंगे। इस दौरान उपप्रधान ढाल कुमारी, सोवरान शर्मा, हरीश पंत, ललित जोशी, कृष्णकांत अग्रवाल, हरप्रसाद, अरविंद मालिक, राजकुमार राजोरिया, कृष्णा, पियूष, संतोष भट्ट, यमुना दत्त, उमेश तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## टेम्पो ट्रैवलर के किराए में 20 प्रतिशत छूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम ने टैम्पो ट्रैवलर से यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी है। काठगोदाम डिपो से संचालित 8 टैम्पो ट्रैवलर और भवाली डिपो से संचालित 2 टैम्पो ट्रैवलर के किराये में 20 प्रतिशत की छूट दी गई है। यह निर्णय निगम द्वारा आम यात्रियों की सुविधा और आय में वृद्धि की संभावना को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। काठगोदाम डिपो के सहायक महाप्रबंधक गणेश पंत द्वारा टैम्पो ट्रैवलर के किराये में कटौती का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया था। जिसे महाप्रबंधक (संचालन) ने स्वीकृति देते हुए आदेश जारी कर दिए हैं।

# लाल निशान के विरोध में जनता आगबबूला

## सुराज सेवा दल ने प्रशासन की कार्रवाई को बताया तानाशाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घरों पर लाल निशान लगाए जाने के विरोध में बुधवार को सुराज सेवा दल कार्याकर्ताओं ने एसडीएम कोर्ट पहुंचकर प्रशासन के तानाशाही रवैया का पुरजोर विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने एसडीएम राहुल शाह के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में सुराज सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद जोशी और कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा ने प्रशासन पर आरोप लगाया कहा कि हल्द्वानी में रातों-रात आम लोगों के घरों को अवैध बताकर लाल निशान लगाए जा रहे हैं, जबकि शहर के बड़े होटल और मॉल जिन पर स्पष्ट अवैध निर्माण हैं, उन्हें पूरी तरह अनदेखा किया जा रहा है। यह कार्रवाई जनवि. रोधी और तानाशाहीपूर्ण है। कहा कि प्रशासन का यह रवैया साफ तौर पर भेदभावपूर्ण है। गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर सख्ती, और रसूखदारों को छूट ये दोहरे मापदंड अब नहीं चलेंगे। इसके साथ ही गैरसैंण को उत्तराखंड की स्थाई राजधानी बनाया जाए, ताकि शासन-प्रशासन की पहुंच पहाड़ों तक हो और राज्य के संतुलित विकास को बल मिले। ज्ञापन देने वालों में रमेश चंद जोशी, विशाल शर्मा, अमित चौहान, विनोद पाठक, डीके भट्ट, दीपक जोशी, आरपी सिंह, शशि सिंह, विष्णुदत्त उपाध्याय, कीर्ति दुम्का, बलबीर सिंह, अनिल पांडे, प्रशांत सावल, विजय, शंकर जोशी, अम्बादत्त भट्ट, हर सिंह, मुश्ताक, पूजा, बबिता, सरोज, बीएस नेगी, उमेश चंद्र पाठक, लोक्मणि, शेर सिंह, नुसरत वारसी, शिवम मौजूद रहे।

## एसडीएम कोर्ट में भीमआर्मी का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अमृत योजना के अंतर्गत हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के सामने स्थित जवाहर नगर कालोनी में रेलवे पुलिस द्वारा नाप-जोख की कार्रवाई की गई। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और लाल निशान लगाने का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने रेलवे अधिकारियों को निशान लगाने से रोक दिया। जिसके बाद सैकड़ों लोग एसडीएम कोर्ट पहुंच गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जानकारी के अनुसार, रेलवे की इस कार्रवाई में एक मंदिर और एक मस्जिद पर भी निशान लगा दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में भय और नाराजगी का माहौल है। स्थानीय निवासी इस आशंका से डरे हुए हैं कि उनके आशियाने कभी भी तोड़ जा सकते हैं। स्थिति यह है कि कई लोगों ने डर के चलते खाना तक छोड़ दिया है। लोगों ने सवाल उठाया कि जब वे 50 वर्षों से वहां रह रहे हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें मकान भी आवंटित हुए हैं, तो अब उन्हें अतिक्रमणकारी कैसे बताया जा सकता है। लोगों का कहना है कि अगर उन्हें हटाना ही था तो बसने की अनुमति क्यों दी गई? स्थिति से नाराज होकर कालोनीवासियों ने एकजुट होकर आंदोलन करने का फैसला लिया है। इस मौके पर मोहम्मद अबरार, अफसर मलिक, राम कुमार, राजू राजभर, मोहम्मद नौशाद, ज़ायरा, रेशमा, बबिता, माया देवी, राम बाबू, मुन्नी देवी, बहादुर, गोविन्द राव, गोविन्द बिष्ट, मोहन, खलील अहमद, समुन्दर खान, मोबीन, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, जीतराम, जीवन आर्य, हरीश लोधी, फिरोज़ खान, नवीन मूलनिवासी, संजय टम्टा, महेश आर्य सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा: हस्ताक्षर अभियान चलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आजादी का अमृत महोत्सव' एवं हर घर तिरंगा के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय, हल्द्वानी की नमामि गंगे इकाई के तत्वावधान में हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय ध्वज हमारी अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। हर भारतीय का यह कर्तव्य है कि वह इसकी गरिमा और सम्मान को बनाए रखे। 'हर घर तिरंगा' अभियान



केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह देशभक्ति की भावना को घर-घर तक पहुंचाने का अवसर है। नमामि गंगे इकाई के नोडल अधिकारी डा. रितुराज पंत ने कहा हराष्ट्रीय ध्वज हमें एकता, अखंडता और समर्पण का संदेश देता है। हस्ताक्षर अभियान में लोगों की भागीदारी यह दर्शाती है कि देशभक्ति हमारे हृदय में गहराई से रची-बसी है। नमामि गंगे इकाई न केवल गंगा और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही है, बल्कि ऐसे राष्ट्रहित के अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। इतिहास विभाग की प्रभारी डा. रश्मि पंत ने अपने उद्बोधन में कहा हमारा इतिहास यह सिखाता है कि जब-जब हमने अपने राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान किया है, तब-तब हमारी एकता और शक्ति कई गुना बढ़ी है। तिरंगा केवल तीन रंगों का मेल नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बलिदान और गौरव का सजीव प्रतीक है। हस्ताक्षर अभियान में छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और एक बैनर पर हस्ताक्षर कर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इसके पश्चात सभी को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, उसकी गरिमा बनाए रखने तथा देश की एकता और अखंडता के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डा. श्वेता बिश्नोई ने किया। अंत में सभी ने 'भारत माता की जय' एवं 'वंदे मातरम' के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर प्रो. एके श्रीवास्तव, डा. बीना जोशी, डा. नेहा सिंह, डा. गीता पंत, डा. रेखा जोशी, डा. हिमानी, डा. प्रभा साह आदि उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी पर नक्षत्रों की विशेष स्थिति

**हल्द्वानी।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी को लेकर इस बार तिथियों और नक्षत्रों को लेकर विशेष स्थिति बन रही है। परंपरागत रूप से श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष यह दोनों एक साथ संयोग नहीं बना रहे हैं। ऐसे में गृहस्थजन 15 अगस्त की रात को अश्विनी नक्षत्र में जन्माष्टमी व्रत व पूजन कर सकते हैं, जबकि वैष्णव संप्रदाय के अनुयायी उदय तिथि के अनुसार 16 अगस्त को व्रत रखेंगे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण को खीरा, पंचामृत, मखाने की खीर, धनिया पंजीरी आदि का भोग लगाना शुभ और फलदायी माना गया है। 16 अगस्त, भाद्रपद मास के गते 1 को भगवान सूर्यदेव कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे सिंह संक्रांति का आरंभ होगा। कुमाऊं अंचल में इसे घी संक्रांति या घी त्यार के नाम से मनाया जाता है। लोक मान्यता है कि इस दिन घी का सेवन और दान विशेष पुण्यदायक होता है।

# यूओयू का 20वें वर्ष में प्रवेश, कार्यक्रमों की शुभारंभ

## गूगल के साथ ही पुस्तकों का सहारा लेना भी ज़रूरी: डा. जमाल सिद्दीकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना के 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बुधवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम (15 अगस्त तक) स्वर्णिम सफलता के 20वर्ष उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय स्वतंत्रता एवं प्रगति पर त्रिदिवसीय उत्सव' के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के पहले दिन के प्रथम सत्र में स्वागत स्वरुप अपनी बात रखते हुए प्रो. गिरिजा पाण्डे ने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने जब शोध निदेशालय को बनाया, तब हमने अपेक्षा की कि, हम ऐसे विश्व. विद्यालय के रूप में उभरें जो हमारे राज्य-राष्ट्र की आकाँक्षाओं को पूरा करे और नवीन ज्ञान को तलाशे। इस



दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पुस्तकालयअध्यक्ष डा. जमाल सिद्दीकी मुख्य वक्ता रहे। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत रहे और इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी द्वारा की गई।

इस दौरान डा. जमाल सिद्दीकी ने कहा कि शोध के दौरान समस्या को समझना बहुत जरूरी है, जबकि होता यह है कि, हम अपना 3 वर्षीय शोध कार्य पूरा कर लेते हैं और फिर भी हमें समस्या का भान नहीं रहता। और इसके अलावा उन्होंने कहा कि सिर्फ गूगल सर्च भर करके शोध पत्र तैयार नहीं किया जा सकता, क्योंकि गूगल पर कई बार जानकारी ठीक हो यह जरूरी नहीं होता इसलिए पुस्तकों का सहारा लेना अधिक आवश्यक और विश्वसनीय है। मुख्य अतिथि प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि हमें अपनी जड़ों की जानकारी होना बहुत जरूरी है, बिना जड़ों से जुड़े हमारा शोध कार्य अधूरा होगा। और साथ ही चाणक्य का उद्धरण देकर उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र के लिए 6 चीजों का होना जरूरी है जिनमें मजबूत नेतृत्व, कुशल कूटनीति, सुदृढ़ सेना, मजबूत अर्थव्यवस्था, सही शिक्षा और एक मजबूत ढांचा होना बहुत जरूरी है। इसके बिना कोई भी राष्ट्र तरक्की नहीं कर सकता और हमारे देश के पास यह सभी चीज हैं। प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा की नित नए ज्ञान प्राप्ति के लिए हमें बिल्कुल खाली घड़े की तरह होना चाहिए, जिससे हमें नित नवीन बातें सीखने को मिले। इस सत्र के समापन में डा. मनमोहन जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट, बीबीसी रेडियो (हिंदी) के पूर्व एडिटर प्रो. राजेश जोशी, एमबीपीजी कॉलेज में प्राणि विज्ञान के प्रो. डा.चंद्र सिंह नेगी, प्रो. गिरिजा पाण्डेय, परीक्षा नियंत्रक डा. सोमेश कुमार, वित्त नियंत्रक एसपी सिंह सहित विविध विद्याशाखाओं के निदेशकगण, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी, विश्वविद्यालय के शोधार्थी मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय महाविद्यालय भतरौजखान में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक नशा मुक्ति हस्ताक्षर संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य प्रो. पुष्पेश




कुमार पांडे के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डा. केतकी तारा कुमैय्या के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। संकल्प के तहत सभी ने समाज में नशे के दुष्प्रभावों को समाप्त करने और युवाओं में सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश देने का प्रण लिया। डा. केतकी तारा कुमैया ने बताया कि यह अभियान आगामी स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें। महाविद्यालय में 15 अगस्त को आजादी के महापर्व पर विभिन्न सांस्कृतिक और जनजागरूकता गति. विधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय जन सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में मोहित कुमार, सुहेब, गीता, माया, हेमा, माही, दिव्या, निधि, भावना, कविता, रजनी, कृष्णा आर्य, प्रवेश कुमार, सुमित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी




● 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को भारत की कामनवेल्थ गेम्स 2030 होस्ट करने की बिड को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी स्पेशल जनरल मीटिंग में दी गई है। मेजबानी के लिए भारत ने मार्च महीने में एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट समिट किया था। अब भारत को 31 अगस्त से पहले फाइनल बिड के लिए प्रपोजल देना होगा। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हाल ही में कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के डायरेक्टर डैरेन हाल के नेतृत्व में एक टीम ने अहमदाबाद स्थित आयोजन स्थलों का दौरा किया था। इतना ही नहीं, कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के अधिकारियों ने गुजरात सरकार के अधिकारियों से मीटिंग भी की थी। इस महीने के अंत में एक और डेलिगेशन के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। इस दौरे के बाद कामनवेल्थ स्पोर्ट्स की जनरल एसेंबली नवंबर के आखिर में होस्ट कंट्री तय करेगी। इससे पहले भारत ने 2010 के कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। भारत 2010 में दिल्ली में कामनवेल्थ गेम्स का आयोजन कर चुका है। पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी ॉ के अलावा, भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। ारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 2010 में कामनवेल्थ गेम्स, 1982 और 1951 के एशियन गेम्स शामिल हैं।

# बिना खेले नंबर-2 पर रोहित

## आईसीसी रैंकिंग

● बाबर आजम के खराब खेल से मिला फायदा, गिल नंबर-1 पर कायम, कोहली चौथे नंबर पर



**दुबई, वार्ता।** बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग पाइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं।

इससे वह दूसरे नंबर से खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। उनके 784 रेटिंग पाइंट्स हैं। रोहित शर्मा ने 5 महीनों से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे 9 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे, अगर बाबर का ऐसा ही खेल जारी रहा, तो विराट कोहली भी उन्हें पीछे कर देंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है।

भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पाइंट्स) इंग्लैंड के फिल साल्ट (791 पाइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं। एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बाल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।

वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट आलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम भारत के रवींद्र जडेजा लगातार 179 हफ्तों से नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर बने हुए हैं। उनके 405 रेटिंग पाइंट्स हैं। ताजा रैंकिंग में टॉप-10 ऑलराउंडर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट की बालर्स रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी को टेस्ट की बालिंग रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। वे 846 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-3 पर आ गए हैं। उन्होंने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (838 अंक) को पीछे छोड़ा। हेनरी ने करियर बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल किया है। उन्होंने जिम्बाब्वे केखिलाफ 16 विकेट झटके थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आयुष म्हात्रे करेंगे मुंबई टीम की कप्तानी

**मुंबई, वार्ता।** आयुष म्हात्रे आगामी सोमवार से शुरु होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित यह बहु-दिवसीय टूर्नामेंट 18 अगस्त से नौ सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा। मुंबई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संक्षिप्त और अंडर-19 टीम की कप्तानी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले युवा आयुष म्हात्रे को 17 सदस्यीय टीम की कमान सौंपी है। टीम में सरफराज खान और मुशीर खान भी शामिल हैं। **मुंबई टीम:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), मुशीर खान, दिव्यांश, सरफराज खान, सुवेद (उपकप्तान), प्रग्नेश , हर्ष, साईराज, आकाश, आकाश आनंद (विकेट कीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), श्रेयस गुरव, यश डिचोलकर, हिमांशु सिंह, रॉयस्टन डायस, सिल्वेस्टर व इरफान उमैर।

### अखिल भारतीय बुचीबाबू क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

**चेन्नई, वार्ता।** गत विजेता हैदराबाद सहित कुल 16 टीमें चेन्नई में 18 अगस्त से 9 सितंबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय बुचीबाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। टेक स्पोर्ट्स द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में विज. ताओं को तीन लाख रुपये और उपविजेता को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, तमिलनाडु क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अशोक सिगमणि और सचिव आर आई पलानी ने कल रात यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। इस टूर्नामेंट में, जिसमें पिछले साल 12 टीमें शामिल थीं, इस साल 16 टीमें होंगी और सभी मैच चेन्नई में होंगे। पिछले दो वर्षों से यह ग्रामीण स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए जिलों में आयोजित किया जाता रहा है। ग्रुप चरण के मैच तीन दिवसीय होंगे।

# यूपी योद्धा ने सुमित सांगवान को कप्तान व आशु सिंह को उप कप्तान नियुक्त किया

● कप्तान के रूप में सुमित सांगवान की नियुक्ति उनके मेट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है

लखनऊ, वार्ता। जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी योद्धा ने आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए स्टार डिफेंडर सुमित सांग. वान को टीम का कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है।

सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने सीजन 7 में यूपी योद्धा के साथ नए युवा खिलाड़ी (एनवाईपी) के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और तब से टीम के रक्षात्मक ढांचे के स्तंभ बन गए हैं। होनहार नवोदित खिलाड़ियों से लीडर्स तक का उनका उदय, जीएमआर स्पोर्ट्स के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का प्रमाण है, जो सिस्टम के भीतर से खिलाड़ियों को विकसित करता है, जो निष्ठा, प्रदर्शन और निरंतर विकास पर केंद्रित है।

सुमित सांगवान अपनी चपलता, समय और सामरिक बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं। पिछले कुछ सीजन में वह लगातार लीग के शीर्ष डिफेंडरों में शुमार रहे हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति न केवल उनके मैट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है, बल्कि आगे बढ़कर प्रेरित करने और नेतृत्व करने की उनकी क्षमता को भी दर्शाती है। योद्धाओं के एक और दिग्गज, आशु सिंह मुख्य रूप से एक कवर डिफेंडर के रूप में खेल रहे हैं। आशु ने अपनी अथक कार्य गति, निस्वार्थ खेल और दबाव में संयम से प्रभावित किया है। सुमित के साथ उनकी साझेदारी यूपी योद्धाओं की रक्षा रणनीति की नींव रही है। मुख्य कोच जसवीर सिंह ने दोनों के सफर की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुमित और आशु असाधारण खिलाड़ी और सच्चे योद्धा हैं। अपने पहले मैच से ही, उन्होंने प्रतिबद्धता, अनुशासन और टीम-प्रथम मानसिकता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने वर्षों के निरंतर प्रदर्शन और समर्पण के माध्यम से यह जिम्मेदारी अर्जित की है। अपने पेशेवर पदार्पण से ही फेंचाइजी का हिस्सा रहे कप्तान और उप-कप्तान के साथ, योद्धाओं को इस सीजन में अनुभव और युवा ऊर्जा का मिश्रण करके चैंपियनशिप का गौरव हासिल करने का पूरा भरोसा है।

# कोहली टी-20 में टॉप-5 से बाहर

● वार्नर आगे निकले, टॉप-10 में 2 ही भारतीय शामिल, क्रिस ग्रेल अब भी नंबर-1 बल्लेबाज



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विराट कोहली को पीछे कर आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में नंबर-5 पर पहुंच गए। उन्होंने मंगलवार को इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और कोहली को पीछे किया। वार्नर के नंबर-5 पर पहुंचने के साथ टॉप-5 रन स्कोरर में अब कोई भी भारतीय बाकी नहीं रहा। विराट के अलावा केवल रोि. हत शर्मा ही टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल भारतीय बैटर हैं। दोनों ही प्लेयर्स ने इंटरनेशनल टी-20 से संन्यास ले लिया है, ऐसे में सिर्फ आईपीएल खेलकर दोनों का इस रिकार्ड लिस्ट में आगे निकलना बहुत मुश्किल लग रहा है।

### टी-20 क्रिकेट के टॉप रन स्कोरर

**1. क्रिस गेल**- 22 शतक के साथ नंबर-1 -वेस्टइंडीज के विस्फोटक क्रिस गेल के नाम अब भी टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। इनमें इंटरनेशनल, आईपीएल और दुनियाभर की ए-ग्रेड लीग के रन शामिल हैं। गेल टी-20 में 22 शतक लगाने वाले भी दुनिया के इकलौते बैटर हैं। उनके 14,562 रन के आंकड़े को कोई नया बैटर तोड़ सकता है।

**2. कायरन पोलार्ड**- शतक कम, फिफ्टी ज्यादा- वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक फिनिशर कायरन पोलार्ड टॉप रन स्कोरर में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इंटरनेशनल और आईपीएल से तो संन्यास ले लिया है, लेकिन वे अब भी अमेरिका और साउथ अफ्रीका की लीग खेल रहे हैं। इसलिए वे भी गेल के रिकार्ड तोड़ सकते हैं। फिनिशर की पोजिशन निभाने के कारण पोलार्ड के नाम शतक तो 1 ही है, लेकिन फिफ्टी 63 हैं।

**3. एलेक्स हेल्स**- दुनियाभर की लीग खेलते हैं। इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन लीग क्रिकेट खेल रहे हैं। वे 13,814 रन बना चुके हैं और जल्द ही 15 हजार रन का आंकड़ा भी पार कर सकते हैं। उनके नाम 7 सेंचुरी और 87 फिफ्टी हैं।

**4. शोएब मलिक**- बगैर सेंचुरी के टॉप स्कोरर-टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल पाक के इकलौते खिलाड़ी शोएब मलिक के नाम टी-20 में बगैर सेंचुरी लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। वे भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन पाकस्तान सुपर लीग का हिस्सा अब भी हैं।

**5. डेविड वार्नर**- 100 प्लस फिफ्टी लगा चुके- आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने मंगलवार को ही टॉप-5 रन स्कोरर में एंट्री की। उन्होंने द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और विराट कोहली को पीछे छोड़ा।

# 'बार्बी' अवतार में उतरीं वीनस विलियम्स



**मुंबई वार्ता।** अग्रणी वैश्विक खिलौना और पारिवारिक मनोरंजन कंपनी मैटल, इंक-, टेनिस आइकन, उद्यमी और समान वेतन की पैरोकार वीनस विलियम्स के सम्मान में भारत में रिलीज़ होने वाली पहली बार्बी इंस्पायरिंग वुमैन डॉल को गर्व से प्रस्तुत कर रही है। यह डॉल भारतीय बाजार में इस विश्वव्यापी रूप से पसंद की जाने वाली श्रृंखला की शुरुआत का प्रतीक है, जो उन उल्लेखनीय महिलाओं को श्रद्धांजलि देती है जिनकी उपलब्धियों ने इतिहास बदल दिया है और पीढ़ियों को प्रेरित किया है। 1959 से, बार्बी ब्रांड का उद्देश्य हर लड़की में असीम क्षमता को प्रेरित करना रहा है। 250 से ज्यादा करियर और अनगिनत सांस्कृतिक पलों के माध्यम से, बार्बी ने कल्पना को प्रज्वलित करते हुए समय को प्रतिबिंबित किया है। इंस्पायरिंग वुमैन सीरीज दुनिया भर की वास्तविक जीवन की रोल मॉडल - उन साहसी महिलाओं को सम्मानित करके इस विरासत को जारी रखती है जिन्होंने जोखिम उठाया, बाधाओं को तोड़ा और लड़कियों को दिखाया कि वे कुछ भी कर सकती हैं।

# इंडिया 'ए' टीम ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया

● राधा यादव ने तीन विकेट व तितास साधु और मिन्नू मनी को दो-दो विकेट मिले



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** राधा यादव (तीन विकेट), तितास साधु और मिन्नू मनी (2-2 विकेट) के बाद यास्तिका भाटिया (59) और शेफाली वर्मा (36) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 48 गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंडिया ए ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यास्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 11वें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा (36) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी धारा गुज्जर ने यास्तिका भाटिया के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। धारा गुज्जर 31 गेंदों में 36 रन, तेजल हसबनिस (आठ) रन बनाकर आउट हुई। यास्तिका भाटिया ने 70 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की पारी खेली। तनुश्री सरकार (तीन), राधा यादव (19) और मिन्नू मनी एक रन बनाकर आउट हुई। इंडिया ए ने 42 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

राघवी बिष्ट ने 34 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 25 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन और एला हेवर्ड ने दो-दो विकेट लिए। किम गार्थ, सियाना लजजर और टेस फ्ल्लटॉफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले इयान हीली ओवल मैदान पर मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने शुरुआती तीन विकेट 50 के स्कोर पर गंवा दिए। तालिया विल्सन (सात), एलिसा हीली (14) और कप्तान तालिया मैक्ग्रा नौ रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद अनिका लीरॉइड ने रेचल ट्रेनामैन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिए 63 रन जोड़े। 24वें ओवर में रेचल ट्रेनामैन (51) रनआउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी निकोल फॉल्टम ने कुछ देर संघर्ष किया। फॉल्टम (18) रन बनाकर आउट हई। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया ए का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका।

### यूपी कबड्डी लीग की वापसी, 25 दिसंबर से शुरू होगी

**लखनऊ, वार्ता।** 13 अगस्त, 2025, उत्तर प्रदेश - उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग अपने धमाकेदार आगाज के बाद और भी ज्यादा रोमांच, जोश और स्थानीय गौरव का वादा करते हुए वापस आ गई है। सीजन 2 गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025 को शुरू होगा, जो राज्य के सबसे रोमांचक खेल मंचों में से एक - उत्तर प्रदेश की बेहतरीन कबड्डी प्रतिभाओं के लिए एक पेशेवर मंच - की वापसी का प्रतीक है। यह उपलब्धि लीग के पहले सीजन की गति को और बढ़ाती है, जिसने बार्क इंडिया के अनुसार 3 करोड़ से ज्यादा टीवी दर्शकों तक पहुंच बनाई और 30 करोड़ से ज्यादा डिजिटल इंप्रेशन अर्जित किए, जो मुख्य रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों के दर्शकों द्वारा संचालित थे। सीजन 2 नई फ्रेंचाइजी, ज्यादा मैचों तथा और भी ज्यादा प्रशंसक जुड़ाव के साथ उत्साह को और बढ़ाने के लिए तैयार है।

# विंडीज ने पाक को रौंदा, सीरीज जीती



● कप्तान साई होप ने नाबाद 120 रनों की तूफानी पारी खेली, सील्स ने छह विकेट हासिल किए

**टरूबा, वार्ता।** कप्तान शाई होप (नाबाद 120) की तूफानी पारी के बाद जेडेन सील्स (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन की वनडे मुकाबले में पाकिस्तान पर रिकार्ड 202 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर 34 साल के बाद एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। 295 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही उसने तीसरे ओवर में मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। सैम अयूब,अब्दुल्लाह शफीक व कप्तान रिजवान को जेडेन सील्स को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। सील्स का अगला शिकार बाबर (नौ) बने। आगा सलमान ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली। उन्हें गुडाकेश मोती ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। हसन नवाज (13) और नसीम शाह छह रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के गेंदबा. जों ने पाकिस्तान की पूरी टीम को 29-2 ओवर में 92 के स्कोर पर समेट कर पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद एकदिवसीय श्रृंखला में 202 रनों से जीत दर्ज की। मोहम्मद नवाज 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स ने 7-2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में किसी विंडीज गेंदबाज द्वारा यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। रॉस्टन चेज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में मंगलवार को खेले गये हुए निर्णायक मैच में पाक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 10 रन के स्कोर पर ब्रैंडन किंग (पांच) का विकेट गंवा दिया।

# एशिया कप: क्या टी-20 में होगी गिल की वापसी ?



**यशस्वी जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने अंतिम बार टी-20 जुलाई 2024 में ही खेला था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप भारतीय टीम के लिए काफी अहम रहने वाला है। यह टूर्नामेंट टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के साथ ही चयन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में हम भारत की पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदारों पर एक नजर डालते हैं।

### अभिषेक शर्मा

जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अभिषेक ने शून्य से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी लेकिन जल्द ही उन्होंने शिखर तक का सफर तय कर लिया और वह आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदार हैं।

अभिषेक अक्टूबर 2024 से टी-20 में भारतीय टीम का नियमित हिस्सा हैं और अब तक खेले कुल 17 मैचों में 135 के स्ट्राइक रेट और दो शतकों की बदौलत 535 रन बना चुके हैं। अभिषेक ने एक शतक जिम्बाब्वे और एक दक्षिण अपीका के खिलाफ लगाया था।

### संजू सैमसन

सैमसन पिछले कुछ समय से भारत के टी-20 दल का नियमित हिस्सा रहे हैं। उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ एक और दक्षिण अपीका में दो शतक जड़े थे। सैमसन ने इस अवधि में अपने टी-20 रिकॉर्ड को सुधारा और अब 42 पारियों में सैमसन के नाम 25-32 की औसत से 861 रन हैं।

हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में सैमसन कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और पांच पारियों में उनके बल्ले से महज कुल 51 रन ही निकले थे। आईपीएल में सैमसन चोट से परेशान थे जिसके चलते वह नौ मैच ही खेल पाए। इस दौरान सैमसन ने 35-62 की औसत और 140-39 के स्ट्राइक रेट से कुल 285 रन बनाए। अब देखना है कि भारत अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी के साथ ही आगे बढ़ने का फ़ैसला करता है या नहीं।

### यशस्वी जायसवाल

जायसवाल को भारत के लिए टी-20 खेले एक वर्ष से अधिक बीच चुके हैं लेकिन टेस्ट प्रारूप में उन्होंने अपनी जमकर छाप छोड़ी है। जायसवाल ने भारत के लिए अंतिम टी-20 जुलाई 2024 में श्रीलंका में खेला था। हालांकि इसके बाद जायसवाल ने भारत के लिए केवल टेस्ट प्रारूप ही खेला है। जायसवाल ने अब तक टी-20 करियर में कुल 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 36-15 की औसत से 723 रन बनाए हैं। जायसवाल पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत का हिस्सा थे लेकिन रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली के भारत की पारी का आगाज करने के चलते उन्हें एक भी मुकाबला खेलने का मौका नहीं मिला। अभिषेक की तरह ही बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं ऐसे में आगामी टी-20 वर्ल्ड कप की दावेदारी से उन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता। आईपीएल 2025 में भी जायसवाल सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में सातवें स्थान पर थे। उन्होंने 14 पारियों में छह अर्धशतक और 159-71 के स्ट्राइक रेट के साथ 559 रन बनाए थे।

### शुभमन गिल

जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने अंतिम बार टी-20 जुलाई 2024 में ही खेला था। हालांकि गिल ने टी-20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टीम की अगुवाई भी की थी। भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में भी गिल ने अपनी पहली सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने। आईपीएल 2025 में गिल ने गुजरात टाइटंस को तीसरी बार प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी।

# कार सवार युवकों पर चलाई गोली, तोड़फोड़, तीन घायल

**❖सड़क हादसे के एक मामले में लक्सर कोतवाली से बयान देकर लौट रहे थे पीड़ित डोसनी फाटक के पास हुआ हमला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर से लौट रहे कार सवार पर बाईक सवार छह युवकों ने हमला कर दिया। इसके साथ ही गोली मारकर घायल भी किया। इसके साथ ही गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। इस हमले में कुल तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल रुड़की लाया गया। वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर चुंगी निवासी नवाब पुत्र महबूब की कार से टकराकर उस समय एक युवक की मृत्यु हो गई थी जब वह बीती सात अप्रैल को लक्सर से अपनी कार पर सवार होकर लौट रहा था। उक्त मामले में कार सवार नवाब पर मुकदमा दर्ज हुआ था। अब नवाब को लक्सर कोतवाली में पुलिस ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था वह अपने भाई बहाब और रहीस के साथ लक्सर कोतवाली



गया था। बताया गया है वहां से वापस लौटते समय डोसनी फाटक के समीप बाईक पर सवार छह युवकों ने उन्हें रोक लिया और उनके ऊपर हमला कर दिया। बताया गया है कि बाइक सवार युवकों के द्वारा फायरिंग भी की गई। जिसमें गोली नवाब को लगी साथ ही इस हमले में उनके भाईयों को भी हल्की चोटें आई है। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। वहीं पुलिस मामले की जांच लगी है।

## 1.60 करोड़ गबन में बैंक के आउटसोर्स कर्मचारी गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय स्टेट बैंक के 1.60 करोड़ गबन में बैंक के दो आउटसोर्स कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। जिन्होंने रकम गबन में अन्यों का साथ दिया था। रुड़की कोतवाली को मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक नवलेंद्र झा ने तहरीर देकर बताया था कि अप्रैल 2023 में बैंक का कैश चेक किया गया था। 10, 20, 50, 100, 200 और 500 के बंडल चोरी मिले थे। जांच करने पर पता चला कि बैंक के कैश रूम से 1.60 करोड़ रुपये चोरी है। पुलिस ने 3 मई 2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया था। बुधवार को उप निरीक्षक आनंद मेहरा, हेड कांस्टेबल विपिन, सुरेश तोमर और प्रदीप डंगवाल ने अशोक कुमार निवासी आदर्श नगर और टीपू कुमार निवासी गाँव सालियर कोतवाली गंगनहर को कैश गबन के आरोप में गिरफ्तार किया।

# विक्रम की मौत के साथ दफन हो गया सरकारी खजाने का राज

**❖2 साल 3 महीने की जांच के बाद भी नहीं बरामद हो सका 1.60 करोड़ का कैश**

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** सरकारी खजाने की बंदरबाट का राज बैंक के आउटसोर्स कर्मचारी की मौत के साथ ही दफन हो गया है। तत्कालीन जांच अधिकारी नरेश गंगवार समेत अब तक अन्य दरोगा हाई प्रोफाइल मुकदमे की जांच कर चुके हैं। लेकिन करीब 2 साल 3 महीने बाद भी कैश को जमीन खा गई या आसमान निगल गया यह राज खुल नहीं पाया है।

भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से अप्रैल 2023 में 1.60 करोड़ लॉकर से चोरी हुए थे। तब बैंक ने अंदरूनी जांच पड़ताल की तो चोरी में अपनों के हाथ होने के संकेत मिले थे। सीसीटीवी में एक आउटसोर्स कर्मी कैश लेकर जाता दिखा था। प्रकरण हाई प्रोफाइल होने पर मामले ने तूल पकड़ा तो आउटसोर्स कर्मी विक्रम सिंह सैनी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। कुछ दिन बाद विक्रम सिंह सैनी का शव गंगनहर से बरामद किया गया था। परिवार ने आरोप लगाया था सहकर्मियों ने षड्यंत्र रच विक्रम सिंह सैनी की हत्या की थी। पीड़ित परिवार ने सहकर्मियों के खिलाफ गंगनहर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया था। तब से मामला दोनों कोतवाली के जांच अधिकारियों की देखरेख में रहा। अब पुलिस करीब 2 साल 3 महीने बाद काश गबन में दो आउटसोर्स कर्मचारी को गिरफ्तार कर चुकी है। दावा है कि दोनों पूर्व कर्मचारियों ने अपने मृतक साथी विक्रम सिंह सैनी पर ही षड्यंत्र कर कैश गबन का आरोप मढ़ दिया है। लेकिन लंबी जांच और बिना कैश के गिरफ्तार किए गए आरोपियों के बाद आखिरकार सरकारी खजाना कहां गया यह अपने आप में एक बड़ा सवाल उभर कर सामने आ रहा है।

# युवक से मारपीट के मामले में महिला सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हज हॉउस के सामने एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत सात लोगों के खिलाफ षडयंत्र कर गाली गलौज , मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

पिरान कलियर हज हाउस के सामने वाली पार्किंग में रविवार को कुछ नकाबपोश हमलावरों ने सलमान निवासी बोड़ाहेड़ी थाना पथरी के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवा दिया था।पीड़ित व्यक्ति के मौसा सुलेमान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी साली के लड़के सलमान का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है। रविवार को उसकी पत्नी ने सलमान को मिलने के लिए कलियर बुलाया।उसने मिलने से इंकार कर दिया।उसकी पत्नी ने धमकी दी कि कलियर नही आया तो वह अपने बेटी के साथ गंगनहर में कूदकर जान दे दूंगा।वह डर के मारे कलियर आ गया।उसकी पत्नी के भाईयों ने साथियों के साथ मिलकर उस पर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया।पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि सुलेमान की तहरीर पर राशिद, जुल्फिकार, गुफरान निवासीगण लंढोरा कोतवाली मंगलौर और शादाब, साहिल, कासी निवासीगण मुकर्रबपुर पिरान कलियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# किसान के खेत से विद्युत उपकरण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम भिस्तीपुर के किसानों के खेतों में लगे नलकूपों को विद्युत सप्लाई के लिए विद्युत ट्रांसफॉर्म रखा हुआ था। मंगलवार रात्रि किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर विद्युत पोल से नीचे उतार कर उसमें से हजारों रुपए का कीमती सामान चोरी कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार विद्युत अवर अभियंता शिमायला द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि ग्राम भिस्तीपुर के किसानों के खेतों में लगे नलकूपों पर विद्युत सप्लाई करने के लिए विद्युत पोल पर विद्युत ट्रांसफॉर्म रखा हुआ था ।मंगलवार रात्रि किन्ही अज्ञात लोगों द्वारा विद्युत ट्रांसफॉर्म नीचे जमीन पर उतार कर उसमें से हजारों रुपए का कीमती सामान तेल व कॉपर आदि चोरी कर लिया गया। चोरी हुए सामान का पता उस समय लगा जब बुधवार को किसान अपने खेत में गए थे। किसानों द्वारा विभाग को सूचना दी गई ।सूचना मिलने पर विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जांच करने के बाद थाने में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना निरीक्षक अजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# डीईओ ने मखदुमपुर में तैनात सहायक अध्यापक को किया निलंबित

**❖बतौर निर्वाचन अधिकारी धर्मवीर सिंह पर झबरेड़ा बहुउद्देशीय किसान सहकारी समिति सदस्यों के चुनाव में लगाया था गड़बड़ी करने का आरोप**

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय मखदुमपुर में कार्यरत एक सहायक अध्यापक को निलंबित करते हुए उसे उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय नारसन में समबद्ध किया गया है।

जानकारी के अनुसार झबरेड़ा बहुउद्देशीय किसान सहकारी समिति में 13 फरवरी 2025 को समिति सदस्यों के चुनाव कराने के लिए धर्मवीर सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय मखदुमपुर को निर्वाचन अधिकारी प्रशासन द्वारा नियुक्त किया गया था। उक्त पर समिति सदस्यों का चुनाव लड़ रहे राजवीर सिंह द्वारा चुनाव में अंतिम मतदाता सूची में गड़बड़ करने का आरोप लगाते हुए जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी शिकायत दर्ज कराई गई थी गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति के चुनाव निरस्त करने का आदेश पारित करते हुए उक्त संबंध में जांच कराए जाने के आदेश दिए गए थे ।जांच अधिकारी जिला सहायक निबंधक सहकारी समितिया हरिद्वार द्वारा जांच की गई थी। जांच में उक्त निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवैध तरीके से गैर सदस्य एवं अवैध मतदाता मतदाता सूची में जोड़े गए पाया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 12 अगस्त को आदेश पारित करचुनाव अधिकारी धर्मवीर सिंह को निलंबित करते हुए उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय नारसन से समबद्ध किया गया है।

## शांति व्यवस्था बिगाड़ने पर एक आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति लड़ाई झगड़ा कर रहा है तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस ने उसको काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माना और मरने मारने पर उतारू हो गया किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम शुभम पुत्र मोतीराम निवासी मुंडा खेड़ा खुर्द थाना लक्सर बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल प्रकाश खनेडा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने डीएम को दिए जमीन की जांच के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गौहर की जमीन पर अवैध रुप से कब्जा कर निर्माण करने की शिकायत के बाद भी तहसील प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई करते देख शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट में वाद दायर कर कार्रवाई की मांग की हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी को मामले में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए है।

लंढौरा के कुछ लोगों का आरोप है कि खसरा नंबर 407 गौहर की भूमि है। आरोप है कि उक्त भूमि पर एक व्यक्ति ने कालोनी काट कर गौहर की जमीन पर भी अतिक्रमण कर लिया है। लंढौरा निवासी नासिर ने मामले की शिकायत एसडीएम से की थी। शिकायत के बाद भी तहसील प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे को लेकर कोई ठोस कार्रवाई न करते देख शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट में वाद दायर किया। उच्च न्यायालय ने डीएम को दो माह का समय देते हुए मामले में जांच कर गोहर की भूमि को कब्जा मुक्त कराने को कहा है। बुधवार को नायाब तहसीलदार युसुफ अली ने लंढौरा पहुंचकर मामले की जांच की। नायाब तहसीलदार युसुफ अली का कहना है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। उधर कालोनी स्वामी का कहना है कि कुछ लोग झूठे आरोप लगाकर रुपयों की डिमांड कर रहे हैं

# रेलवे ट्रैक पर मिला किशोर का शव, सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** बुधवार की सुबह लंढौरा पुलिस चौकी क्षेत्र के हज्जरपुर गांव में रेलवे ट्रैक पर एक किशोर का शव पड़ा मिलने से गांव में सनसनी फैल गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए मगर मृतक किशोर की शिनाख्त नहीं हो सकी फिलहाल पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। बुधवार की सुबह हज्जरपुर के कुछ लोग जंगल में जा रहे थे। इसी दौरान रेलवे ट्रेक पर उन्हें एक किशोर का शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने के प्रयास किए। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक किशोर बोलने व सुनने में असमर्थ था। जो कई दिनों से हज्जरपुर गांव में एक ग्रामीण के घर पर रह रहा था। चौकी प्रभारी नवीन चौहान का कहना है कि करीब 14 वर्षीय किशोर की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

## एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन हरिद्वार के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने पूरे मनोयोग के साथ वृक्षारोपण किया जिसमें उन्होंने अनार, मेहंदी, आंवला, नाशपाती, कनैल, नीम के पौधे लगाए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रपाल ने वर्तमान समय पर चल रही पर्यावरण प्रदूषण पर चिंता जताई साथ में उन्होंने अपने संदेश में वृक्षारोपण की महत्वता का जिक्र किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सुरेश प्रसाद, एसके राठौर,संदीप वर्मा, जितेंद्र पवार, बीना देवी रविंद्र चौहान, विपुल सालार, दिनेश सिंह, मुकेश बगवाड़ी, अलका रानी, अनीता देवी, प्रताप नारायण,राकेश शर्मा एवं छात्रों ने सम्मिलित होकर सहयोग दिया।

## केवी-1 रुड़की में एक राखी पेड़ों की रक्षा के तहत

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** भारत स्काउट एवं गाइड की 75वीं हीरक जयंती के अवसर पर एक वृक्ष को बचाने और उसकी सुरक्षा करने की शपथ के साथ रक्षा बंधन उत्सव एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत दिनांक 09अगस्त 2025 से 18 अगस्त 2025 तक अपने क्षेत्र में एवं आस पास पौधारोपण करने एवं पेड़ों की रक्षा करने का राखी। उत्सव देश भर में मनाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य हरियाली और जीवन को बचाने हेतु समाज को जागरूक करना है। हरियाली बचने से जीवन भी बचा रहेगा। इस प्रकार यह पर्व प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन को खासा अहमियत देता है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को पौधारोपण हेतु प्रेरित करते हुए प्राचार्य श्री चन्द्र शेखर बिष्ट ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन हमेशा से हमारी परंपरा का अहम हिस्सा रहा है। हरियाली इंसान को खुशी प्रदान करता है। हरियाली देखकर इंसान का तन, मन प्रफुल्लित हो उठता है। पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं। ये हवा को शुद्ध करते हैंए पानी को संरक्षित करते हैंए जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैंए मिट्टी



की शक्ति को बरकरार रखते हैं और कई अन्य तरीकों से समग्र पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं। अतः हमारा कर्तव्य है कि हम इनको सुरक्षित रखें। इस अवसर पर शिक्षक श्रीमामचंद, श्रीमती अंजलीयाद, श्रीमती मुमताज, अभिषेक आदिने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## कैडेट्स साइबर क्राइम से रहे सतर्क : एसपी देहात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में फोनिक्स विश्वविद्यालय में संचालित प्री थल सेना शिविर प्रथम के सातवें दिन कैडेट्स को एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने साइबर क्राइम से सतर्क रहने की अपील की। अतिथि का स्वागत संस्था के डायरेक्टर जनरल संजय जैन द्वारा तुलसी का पौधा देकर किया गया। एसपी देहात ने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। जिसके साथ साइबर अपराध के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। विशेषकर छात्र वर्ग, जो पढ़ाई, ऑनलाइन क्लासेस, सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म का अधिक उपयोग करता है, साइबर ठगों का आसानी से निशाना बन रहे हैं। उनके द्वारा सभी कैडेट्स और उनके अभिभावकों से अपील की गई कि अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखें। जैसे बैंक खाता, आधार नंबर आदि किसी के साथ भी साझा न करें व अजनबी लिंक पर क्लिक न करें, ई-मेल, मैसेज या सोशल मीडिया पर आए संदिग्ध लिंक तुरंत डिलीट करें। सोशल मीडिया पर सतर्क रहें और अपनी व्यक्तिगत तस्वीरें,लोकेशन और निजी जानकारी पब्लिक न करें।ऑनलाइन गेम्स और ऐप्सखकेवल भरोसेमंद और आधिकारिक ऐप्स का ही उपयोग करें,अनजान लिंक से ऐप डाउनलोड न करें और साइबर अपराध की आशंका होने पर तुरंत शिकायत दर्ज करें या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करें। पब्लिक वाई-फाई का सावधानी से उपयोग करें ख बैंकिंग या महत्वपूर्ण लॉगिन कार्य पब्लिक नेटवर्क पर न करें। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार सिंह ने बताया की साइबर अपराध से बचाव ही सबसे बड़ा सुरक्षा उपाय है। पुलिस विभाग का उद्देश्य है कि कैडेट्स सुरक्षित डिजिटल वातावरण में पढ़ाई और विकास कर सकें।

# अवैध चाकू के साथ एक व्यक्ति दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधीयो संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें 12 अगस्त 2025 को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम विनीत पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम अकबरपुर ऊद कोतवाली लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी पर भारी वीरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल मदन वर्मा गंगा सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## इंस्पायर भारतीय क्लासिस सेंटर ने होनहारो को किया सम्मानित

# तालीम ही देश व समाज सेवा का बेहतर जरियाः शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पंचायत सुलतानपुर में इंस्पायर भारतीय क्लासिस की ओर से होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया है।

लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा की पहले ऐसे प्रोग्राम लगातर किए जाते थे करीब 3 वर्ष से नहीं हो रहे हैं उन्होंने कहा बच्चों को पढ़ना चाहीये और बच्चों को सम्मानित भी करना चाहीये शहजाद विधायक ने कहा किहोनहार छात्रों कोसम्मानित करने से उनका उत्साह बढ़ता है। उन्हें आगे बढ़ाने की ललक पैदा होती है इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करके उनकी हौसलाअफजाई करें।

चीफ गैस्ट सहजादी अंसारी ने बच्चों को बताया की सभी बच्चों को लगन से मेहनत करनी है और अपने परिवार का नाम रोशन करना है पढ़ाई मेंजो अपनी मेहनत कर्ता है उसका अलग जल्वा होता है वह अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हैं उन्होंने बच्चों को अपनी मेहनत के बारे में बताया बाबू ताहिर हसन ने कहा की हम कोशिश करेंगे की कोई भी बच्चा नकल ना करें और मेहनत करके सुलतानपुर का नाम रोशन करें उन्होंने यह भी कहा की सुलतानपुर के अंदर एक लाइब्रेरी खोली जायेगी



जिसका सभी बच्चे लाभ उठा सकेंगे अजाद अली ने कहा की जो भी बच्चा पढता है वही आगे बढ़ता है उन्होंने कहा सभी को अपने बच्चों को बढ़ाना चाहीये । मौसम भारती ने कहा की मुझे तब खुशी होगी बच्चे अपनी मेहनत के दम पर काबिल बने इस अवसर पर प्रमोद खारी ने भी अपने विचार रखें।

# एंबीशन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कस्बा स्थित स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

कस्बा झबरेड़ा स्थित एंबिशन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने डिस्प्ले बोर्ड सजावट प्रतियोगिता में नेहरू हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसका नेतृत्व पल्लवी और काजल ने किया। छात्रों ने महान नेताओं की वेशभूषा में फैंसी ड्रेस और देशभक्ति नाटक प्रस्तुत कर देशप्रेम का संदेश दिया। फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का समन्वय पूजा त्यागी ने किया। कार्यक्रम में किंडरगार्टन और मिडिल सेक्शन के विद्यार्थियों ने विशेष प्रस्तुतियां दीं, जिनसे स्वतंत्रता दिवस का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक विश्वास सिंह पंवार और निदेशक सोनम रॉस पंवार ने विद्यार्थियों को अपने जुनून का



पालन कर देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# सहभागी प्रक्रिया बने

फैसले जब कभी भी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर आधारित होते हैं, तो उनका मकसद किसी खास सामाजिक उद्देश्य को पूरा करना होता है या किसी विशिष्ट गलती को सुधारना होता है। प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रही महिला रोगियों और मृतक दाताओं के रिश्तेदारों को लाभार्थियों के रूप में प्राथमिकता देने संबंधी राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) की हालिया सलाह लिंग संबंधी धारणा को नए सिरे से परिभाषित करने का एक रास्ता है। एनओटीटीओ के दशकीय आंकड़ों (2013-23) को अगर देखें, तो पता चलता है कि अंग प्रत्यारोपण के मामले में लैंगिक असमानता है। एनओटीटीओ के मुताबिक, 2023 में, सभी जीवित दाता प्रत्यारोपणों में महिलाओं की हिस्सेदारी 63 फीसदी थी, फिर भी प्रत्यारोपण के लिए अंग प्राप्त करने वालों में उनकी हिस्सेदारी महज 24 फीसदी (हृदय के लिए) और 47 फीसदी (फेफड़े के लिए) के बीच थी। वर्ष 2023 में किडनी प्रत्यारोपण की लाभार्थियों में सिर्फ 37 फीसदी महिलाएं थीं, जबकि लिवर प्रत्यारोपण में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 फीसदी थी। अग्न्याशय प्रत्यारोपण में, कुल लाभार्थियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 26 फीसदी तक ही थी। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के विश्लेषण से पता चला है कि पिछले पांच सालों के दौरान भारत में हुए 56,509 जीवित अंगदानों में से 36,038 में महिलाओं का योगदान रहा, और सिर्फ 17,041 मामलों में ही उन्हें प्रत्यारोपण का फायदा मिला। एनओटीटीओ ने अपनी सलाह में कहा कि यह सिफारिश अंग प्रत्यारोपण के प्राप्तकर्ताओं के बीच लैंगिक असंतुलन को दूर करने की एक कोशिश है ताकि प्रतीक्षारत महिला रोगियों के लिए आवंटन संबंधी मानदंडों में अतिरिक्त अंक प्रदान करने का प्रावधान किया जा सके। यूं तो यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन यह प्रक्रियागत परेशानियों में लिपटा हो सकता है। वर्तमान में, स्वास्थ्य कारणों को छोड़कर, अंग आवंटन संबंधी प्रोटोकॉल किसी एक प्राप्तकर्ता को दूसरे प्राप्तकर्ता के मुकाबले तरजीह देने की इजाजत नहीं देते हैं। लिहाजा, महिलाओं और/या पूर्व दाताओं के निकट संबंधियों को प्राथमिकता देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनओटीटीओ की सलाह के बाद से, यह भी सवाल उठे हैं कि 'निकट संबंधियों' की परिभाषा में किसे शामिल किया जाना चाहिए और प्रत्यारोपण के लिए शव के अंग दान करने वाले सभी परिवारों (1995 से) को लाभार्थी माना जाएगा या नहीं। इस सलाह को अमल में लाने वाले लोगों के बीच मुख्य डर इस बात का मालूम होता है कि यह कदम बिना बारी (आउट-ऑफ-टर्न) आवंटन को सुविधाजनक बनाने का एक और चोर दरवाजा बन सकता है, खासकर वैसी स्थिति में जब भारत में अंग निकालने वाले रैकेट का भंडाफोड़ जारी है। हालांकि, किसी जरूरी चीज को गैरजरूरी चीज के साथ बाहर फेंक देने का कोई मतलब नहीं है। खासकर, जब पितृसत्तात्मक मानदंडों वाले समाज में ज्यादा समावेशी होने के इरादे से काम किया जा रहा हो तो। यह महत्वपूर्ण है कि कार्यान्वयन में शामिल रहने वाले विभिन्न एजेंसियों को साथ लेकर एनओटीटीओ इस कदम को एक सहभागी प्रक्रिया बनाए। अब जबकि मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना और इन सबसे सबसे भी ऊपर, अंगों के सीमित भंडार तक पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है, तो यह जरूरी है कि स्वास्थ्य मापदंडों के आधार पर अंग प्रत्यारोपण की सबसे ज्यादा जरूरत वाले व्यक्ति को अंग से वंचित न करने के सिद्धांत का हमेशा पालन किया जाए।

## उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए



पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बयान कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता, जैसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा, ब्रह्मोस है हमारे पास, उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए, बहुत हो गया, भारत बनाम पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैंच मैं देखने नहीं जा रहा हूं, मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता, हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं, आप पानी देना बंद कर चुके हैं, पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या, आपने बॉर्डर बंद कर दिए, आपने व्यापार बंद कर दिए, कितना नुकसान होगा, 300 -400 करोड़, मेरा जमीर गवारा नहीं करता।

**-असदुद्दीन ओवैसी, सांसद, एआईएमआईएम**

# हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक





योगेश कुमार गोयल

भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की शान और उसकी महिमा केवल कपड़े के तीन रंगों में नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, सपनों और बलिदानों में बसी हुई है। तिरंगा केवल तीन रंगों और एक चक्र का संयोजन नहीं, भारत की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गर्व का जीवंत प्रतीक है। इसमें वह शक्ति है, जो देश के हर नागरिक को एकता के सूत्र में बांध सकती है। केसरिया रंग त्याग और साहस, सफेद रंग शांति और सत्य, तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का संदेश देता है। अशोक चक्र न्याय, प्रगति और निरंतर गतिशीलता का प्रतीक है। तीन साल पहले शुरू हुई हर घर तिरंगा पहल आज केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि एक विशाल जन आंदोलन में बदल चुकी है, जिसने देश के कोने-कोने में देशभक्ति की ऐसी लहर पैदा कर दी है, जिसकी गूंज हर दिल में सुनाई देती है। वर्ष 2022 में जब 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हुई थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह एक विशाल जनांदोलन का रूप ले लेगा। इस वर्ष इस पहल का चौथा संस्करण 2 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक पूरे देश में जोश और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अभियान की शुरुआत और उद्देश्य**

वर्ष 2022 में भारत जब अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर रहा था, केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक अनोखी पहल की थी हर घर तिरंगा। इस पहल का उद्देश्य केवल ध्वज फहराना भर नहीं था बल्कि हर नागरिक को अपने राष्ट्रीय ध्वज से एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव महसूस कराना था। उससे पहले तिरंगा केवल सरकारी भवनों, स्कूलों या विशेष अवसरों पर ही फहराया जाता था। आम नागरिकों के घरों में इसे फहराना उतना प्रचलित नहीं था लेकिन इस अभियान ने इसे जन-जन तक पहुंचाया और लोगों को अहसास दिलाया कि तिरंगा केवल सरकारी पहचान नहीं बल्कि हम सबकी पहचान है। वर्ष 2022 में भारतीय ध्वज संहिता 2002 में भी ऐतिहासिक संशोधन किए गए, जिससे तिरंगे को दिन के साथ-साथ रात में भी पर्याप्त रोशनी में फहराने की अनुमति मिली। पहले नियम था कि तिरंगा केवल सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता है लेकिन 20 जुलाई 2022 के संशोधन के बाद, अब इसे रात में भी फहराया जा सकता है, बशर्ते यह खुले स्थान पर पर्याप्त रोशनी में हो। साथ ही, हाथ से काते या बुने हुए कपड़े के अलावा मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम और खादी के झंडे को भी अनुमति दी गई।

**अभियान का विस्तार और रिकॉर्ड उपलब्धियां**

2022 का अभियान अभूतपूर्व रहा। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, 23 करोड़ से अधिक परिवारों ने उस वर्ष अपने घरों में तिरंगा फहराया था और लगभग 6 करोड़ लोगों ने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी विद तिरंगा अपलोड की थी। डाक विभाग ने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए ताकि देश के सबसे सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध हो सके। 2023 में यह अभियान और व्यापक हुआ। उस वर्ष 10 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई। यही नहीं, चंडीगढ़ में 5,885 लोगों की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए दुनिया की सबसे बड़ी मानव श्रृंखला का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया। यह न केवल अभियान की सफलता थी बल्कि दुनिया को यह संदेश भी था कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज करोड़ों दिलों को एक सूत्र में बांध सकता है। 2024 में भी यह उत्साह बरकरार रहा। 5 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी सेल्फी विद तिरंगा वेबसाइट पर साझा की।

अब 2025 में यह अभियान अपने चौथे संस्करण में प्रवेश कर चुका है, जो 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चल रहा है। संस्कृति मंत्रालय ने इस वर्ष भी नागरिकों से अपील की है कि वे तिरंगा स्वयंसेवक बनकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें और देशभक्ति की भावना को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएं।

**एक राष्ट्रगान, एक झंडा, एक राष्ट्र**

हर घर तिरंगा केवल ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रगान, एक झंडा और एक राष्ट्र की भावना का विस्तार है। यह हमें याद दिलाता है कि भले ही हम अलग-अलग भाषाएं बोलते हों, अलग-अलग संस्कृतियों में जीते हों लेकिन हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता के सूत्र में पिरोता है। इस वर्ष का अभियान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता और स्वच्छता के इस संगम को जीवंत करता है, जहां तिरंगा राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है और स्वच्छता हमारे जीवन मूल्यों व संस्कारों का दर्पण। यह केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्एक नागरिक का व्यक्तिगत संकल्प है कि हम अपने घर, मोहल्ले और देश को स्वच्छ रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गर्व से इस धरा पर जीवन जी सकें। स्वच्छ वातावरण में लहराता तिरंगा न केवल स्वतंत्रता का संदेश देगा बल्कि यह भी जताएगा कि हमने आजादी के साथ जिम्मेदारी निभाना भी सीखा है।

**सम्मान और मर्यादा का संहिता-पत्र**

राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझना उतना ही आवश्यक है, जितना उसे फहराना। भारतीय ध्वज संहिता 2002 राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित सभी कानूनों, परंपराओं और दिशा-निर्देशों का संकलन है। तिरंगे का अनुपात हमेशा 3:2 होना चाहिए और तीनों पट्टियां (केसरिया, सफेद और हरी) समान चौड़ाई की होनी चाहिए। तिरंगे को हमेशा सम्मान के साथ प्रदर्शित किया जाना चाहिए, क्षतिग्रस्त या मैला झंडा फहराना अपमानजनक है। इसे किसी भी अन्य ध्वज के साथ एक ही मस्तूल पर नहीं फहराया जा सकता, न ही इसे उल्टा प्रदर्शित किया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट, परिधान, वस्त्र या किसी वस्तु को ढ़कने के लिए नहीं किया जा सकता। यह जमीन, पानी या फर्श को स्पर्श नहीं करना चाहिए। किसी वस्तु को लपेटने के लिए ध्वज का उपयोग नहीं किया जा सकता। क्षतिग्रस्त होने पर इसे गरिमा के साथ नष्ट किया जाना चाहिए।

**जन भागीदारी और सामाजिक संदेश**

हर घर तिरंगा एक खास सामाजिक बदलाव लाया है। यह अभियान बच्चों और युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके इतिहास और उससे जुड़े बलिदानों के बारे में जागरूक कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, समाजिक संगठनों और आवासीय कॉलोनियों में तिरंगा रैलियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस पहल का हिस्सा बन गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सेल्फी विद तिरंगा एक देशव्यापी ट्रेंड बन चुका है, जिससे डिजिटल माध्यम से भी देशभक्ति का संदेश फैल रहा है। जब यह तिरंगा घर-घर लहराता है तो यह न केवल हमारी पहचान को प्रकट करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि इस स्वतंत्रता के पीछे अनगिनत बलिदानों का इतिहास है। हर घर तिरंगा अभियान ने साबित कर दिया है कि यदि उद्देश्य पवित्र हो और भावनाएं सच्ची तो कोई भी पहल जन-जन की आवाज बन सकती है। आज यह पहल केवल स्वतंत्रता दिवस का हिस्सा नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय परंपरा बनने की ओर अग्रसर है। जब 140 करोड़ भारतीय अपने घरों, गलियों, शहरों और गांवों में एक साथ तिरंगा फहराते हैं तो यह केवल एक दृश्य नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा का उत्सव होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लोकतंत्र की लूट में मीडिया की बेशर्म भूमिका

**टीवी चैनलों की आय का 70-80 प्रतिशत हिस्सा सरकारी विज्ञापनों से आता है, जिसके कारण मीडिया सत्ता के खिलाफ खुलकर बोलने में हिचकता है। सवाल यह है कि क्या 2014 से पहले भी मीडिया सरकार का ऐसा ही भोंपू था जैसा आज है? क्या उस समय इन मीडिया घरानों को विज्ञापन का लालच नहीं था? याद कीजिए उस अन्ना आंदोलन का दौर जिसके कंधे पर सवार होकर भाजपा आज सत्तारूढ़ है। उस समय तो इसी मीडिया ने सत्ता विरोधी माहौल देश में पैदा किया था।**



निर्मल रानी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव के दौरान होने वाली व्यापक धांधलियों को लेकर चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोला गया है। उन्होंने इस तरह के अनेक प्रमाण पेश किए जिससे यह साफतौर पर साबित होता है कि देश में बड़े स्तर पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल गांधी द्वारा 7 अगस्त 2025 को वोट चोरी से सम्बंधित एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद https://votechori.in नाम से एक वेबसाइट लांच की गई तथा साथ ही यूजर मिस्ड कॉल हेतु 9650003420 नंबर भी घोषित किया गया। इस नंबर या वेबसाइट पर जाकर देश के आम लोग फॉर्म भरकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं।

यह अभियान मुख्य रूप से भारतीय चुनावों में मतदाता सूची में हेराफेरी, फर्जी वोटर्स और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत पर केंद्रित है। वेबसाइट का मुख्य लक्ष्य जनता को वोट चोरी के खिलाफ एकजुट करना है। इसमें चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूचियों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है, ताकि जनता और राजनीतिक दल इनकी जांच कर सकें। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर व्यवस्थित तरीके से हमला कर रही है और चुनाव आयोग इसमें शामिल है। सत्ता व चुनाव आयोग का यह गठजोड़ एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को कमजोर कर रहा है।

चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने के बाद बजाए इसके कि वह राहुल गांधी के आरोपों की जांच करने की बात करता और देश के मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करता कि देश में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। उल्टे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट ही बंद कर दी? क्या ऐसा इसलिए नहीं किया गया कि मतदाता चुनाव आयोग से ऐसी धांधलियों के सम्बन्ध में सवाल न पूछ सकें? जिसका जवाब दे पाना शायद अब चुनाव आयोग के लिए संभव नहीं? चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी से सम्बंधित धांधलियों से चूंकि फायदा भाजपा को मिला है और उसी की सत्ता में बार बार वापसी हो रही है इसलिए भाजपा का चुनाव आयोग के पक्ष में दलीलें देना और चुनाव आयोग के बजाए राहुल गांधी को ही कटघरे में खड़ा करना अनैतिक परन्तु कुछ स्वाभाविक सा प्रतीत होता है। परंतु जिस तरह देश का गोदी मीडिया भी वोट चोरी के इस भ्रष्ट तंत्र के साथ खुलकर खड़ा है और चुनाव आयोग व भाजपा से भी अधिक बढ़कर वोट चोरी जैसे इस घोर राष्ट्रविरोधी कृत्य की पैरोकारी कर रहा है उसे देखकर देश आश्चर्यचकित हो रहा है।

राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट के माध्यम से की जा रही अंधाधुंध वोट चोरी के आरोपों के बाद इंडियन एक्सप्रेस की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महादेवपुरा विधानसभा के कुछ इलाकों का दौरा किया। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने 7 अगस्त 2025 को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया था कि महादेवपुरा विधानसभा के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में 1,00,250 वोटों की चोरी हुई, जिसमें डुप्लीकेट वोटर्स, फर्जी पते और अन्य अनियमितताएं शामिल थीं। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनकी टीम ने महादेवपुरा के कुछ पतों की जांच की, जहां राहुल गांधी ने फर्जी वोटरों के होने का दावा किया था।

उदाहरण के लिए, एक मामले में 80 वोटरों के एक ही पते पर रजिस्ट्रेशन होने की बात सामने आई थी। इसके अतिरिक्त, बीबीसी व अन्य मीडिया संगठनों की टीम ने भी महादेवपुरा क्षेत्र में उस घर की पड़ताल की, जहां एक कमरे के मकान में कथित तौर पर 80 वोटर रजिस्टर्ड थे परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग के साथ गोदी मीडिया भी कदम ताल कर रहा है। दरअसल गोदी मीडिया की सच्चाई इससे भी ज्यादा खतरनाक है। सत्ता की डफली बजाने वाला अधिकांश मीडिया देश के अडानी व अंबानी जैसे बड़े उद्योग घराने की मिलकियत बन चुके हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आवारा कुत्तों की समस्या और सुप्रीम कोर्ट की चिंता



रजनीश कपूर

गत 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतरू संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया कि दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों को अगले छह से आठ सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करें, उनकी नसबंदी करें और टीकाकरण सुनिश्चित करें। कोर्ट ने स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को आवारा कुत्तों के हमलों से बचाना अत्यंत आवश्यक है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में इस साल जनवरी से जून तक 35,198 कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए, जिनमें 49 रेबीज के मामले भी शामिल हैं। रेबीज, एक जानलेवा बीमारी है और भारत वैश्विक रेबीज मृत्यु दर का 36 प्रतिशत हिस्सा लेता है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में तत्काल प्रभाव से कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने और उन्हें आश्रय स्थलों में रखने की प्रक्रिया शुरू की जाए।




इसके साथ ही, कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने और आश्रय स्थलों में सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया। पशु प्रेमी, जो जानवरों के कल्याण के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें इस निर्णय को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखना चाहिए। यह आदेश केवल कुत्तों को सड़कों से हटाने की बात नहीं करता, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करने पर भी जोर देता है। नसबंदी और टीकाकरण जैसे कदम न केवल कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करेंगे, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। सड़कों पर रहने वाले कुत्ते अक्सर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की कमी से जूझते हैं, जिसके कारण वे आक्रामक हो सकते हैं। आश्रय स्थलों में उन्हें नियमित भोजन, चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। यह न केवल दिल्ली-एनसीआर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। कोर्ट ने शुरूआत में 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों के निर्माण का आदेश दिया है। दिल्ली में अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों को देखते हुए, यह संख्या अपर्याप्त हो सकती है। सरकार को बड़े पैमाने पर आधुनिक आश्रय स्थल बनाने होंगे, जो स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों। इन आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 70 प्रतिशत से अधिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण रेबीज को नियंत्रित करने में प्रभावी है। दिल्ली सरकार को एक त्वरित और व्यापक अभियान चलाना होगा, जिसमें गैर-सरकारी संगठनों और पशु कल्याण संगठनों का सहयोग लिया जाए। गोवा का मिशन रेबीज इस दिशा में एक सफल उदाहरण है, जिसने रेबीज को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इसके अलावा कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने का निर्देश भी दिया है, जो कुत्तों के काटने की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करे। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह हेल्पलाइन 24/7 सक्रिय रहे और शिकायत मिलने पर चार घंटे के भीतर कार्रवाई हो। रेबीज और कुत्तों के काटने से बचाव के लिए जनता को जागरूक करना आवश्यक है। सरकार को स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिसमें लोगों को बताया जाए कि रेबीज से बचने के लिए तुरंत चिकित्सा सहायता लेना कितना महत्वपूर्ण है।

साथ ही, लोगों को सड़कों पर कुत्तों को भोजन न देने के लिए प्रेरित करना होगा, क्योंकि यह उनकी आबादी को बढ़ाने का कारण बनता है। वर्तमान में, पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत नसबंदी के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ना अनिवार्य है। यह नियम कई बार प्रभावी नहीं होता, क्योंकि यह आक्रामक कुत्तों को नियंत्रित करने में बाधा बनता है। सरकार को इन नियमों में संशोधन करना चाहिए ताकि खतरनाक कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जा सके। यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी होगी कि इस प्रक्रिया में कुत्तों के साथ कोई क्रूरता न हो। आश्रय स्थलों में कुत्तों को पर्याप्त भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। पशु कल्याण संगठनों को इस प्रक्रिया में शामिल करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या को हल करने और रेबीज को नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाए तो इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में केवल नीदरलैंड ही एक ऐसा देश है जहां पर आपको आवारा कुत्ते नहीं मिलेंगे।

नीदरलैंड सरकार ने एक अनूठा नियम लागू किया। किसी भी पालतू पशु की दुकान से खरीदे गए महंगी नसल के कुत्तों पर वहां की सरकार भारी मात्रा में टैक्स लगती है। वहीं दूसरी ओर यदि कोई भी नागरिक इन बेघर पशुओं को गोद लेकर अपनाता है तो उसे आयकर में छूट मिलती है। इस नियम के लागू होते ही लोगों ने अधिक से अधिक बेघर कुत्तों को अपनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नीदरलैंड की सड़कों व मोहल्लों से आवारा कुत्तों की संख्या घटते-घटते बिलकुल शून्य हो गई। दुनिया भर के पशु प्रेमी संगठनों ने इस कार्यक्रम को सबसे सुरक्षित और असरदार माना है। इस कार्यक्रम से न सिर्फ आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर रोक लगती है बल्कि आम नागरिकों को भी इस समस्या से निजाद मिलता है। हमारे देश ऐसा कब होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



























